● जयपुर, शनिवार, 29 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 301 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 बाहरी राज्यों से अनैतिक कार्य के लिए लाई गई 15 लड़कियों को किया...

पेज @4 घटना स्थल का लिया बारिकी जायजा, पीड़ित लोगों को न्याय....

पेज @8 » राजस्थान आवासन मण्डल के बेसिक शेड्यूल ऑफ....

# 149 दिन बाद जेल से बाहर आए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

## बोले- षड्यंत्र रचकर मुझे पांच महीने जेल में रखा गया



**रांची/एजेंसी।**

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार शाम करीब चार बजे होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से बाहर निकले। इसके बाद उन्होंने अपने पिता शिबू सोरेन और माता रूपी सोरेन से उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर पहुंचकर मुलाकात की। सोरेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा, षड्यंत्र रचकर और झूठी कहानी गढ×कर मुझे पांच महीने तक जेल में रखा गया। अंततः न्यायालय के आदेश पर राज्य की जनता के बीच हूं। न्यायालय का जो आदेश आया है, वह देखने-समझने लायक है। हमने जिस लड़ाई का संकल्प लिया है, उसे मुकाम तक पहुंचाएंगे।

सोरेन ने कहा कि न्यायालय के आदेश का पूरा सम्मान है, लेकिन न्याय की प्रक्रिया का लंबा खिंचना चिंता की बात है। आज देश में सरकार के खिलाफ बोलने वाले राजनेताओं, समाजसेवियों, लेखकों, पत्रकारों की आवाज को सुनियोजित तरीके से दबाया जा रहा है।

जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार दोपहर सोरेन की जमानत मंजूर की थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है, कोर्ट के समक्ष अब तक जो तथ्य लाए गए हैं, उसमें यह मानने का कोई आधार नहीं है कि सोरेन मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी हैं। हाईकोर्ट का ऑर्डर जारी होने के बाद रांची सिविल कोर्ट में उनके भाई बसंत सोरेन और कुमार सौरव ने 50-50 हजार रुपए के दो निजी मुचलके भरे। इसके बाद उन्हें रिलीज करने का ऑर्डर जेल भेजा गया।

सोरेन जब जेल से बाहर निकले तो उन्हें रिसीव करने के लिए उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, राज्य सरकार के मंत्री हफीजुल हसन, झामुमो महासचिव विनोद पांडेय, प्रवक्ता तनुज खत्री सहित बड़ी संख्या में नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं की नारेबाजी के बीच हेमंत सोरेन ने हाथ जोड×कर और हाथ हिलाकर सभी का आभार जताया। हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाले में 31 जनवरी को करीब आठ घंटे तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उन्होंने ईडी की हिरासत में रात साढ़े आठ बजे राजभवन पहुंचकर सीएम पद से इस्तीफा दिया था। 1 फरवरी को उन्हें न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेजा गया था। अब 149 दिनों के बाद वह जेल से बाहर आए हैं।

न्यूज़ अपडेट

### 52 करोड़ की टैक्स चोरी में कामधेनु सरिया के डायरेक्टर को भेजा जेल

**कानपुर/एजेंसी।** स्पेशल सीजेएम कोर्ट ने कामधेनु ब्रैंड सरिया के डायरेक्टर नवीन जैन को 52 करोड़ रुपए की सीजीएसटी चोरी में जेल भेज दिया है वही विशेष लोक अभियोजन अंबरीष टंडन ने बताया कि डीजीजीआई की लखनऊ यूनिट पिछले तीन दिन से कानपुर में कंपनी के ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी, जहां जांच में कर चोरी के सबूत मिलने के बाद जैन को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। अधिवक्ता अंबरीष टंडन ने बताया कि राधे-राधे इस्पताल प्राइवेट लिमिटेड की साल 2019 में भी टैक्स चोरी पकड़ी गई थी। तब साढ़े तीन करोड़ रुपए का जुर्माना भरकर कंपनी के डायरेक्टर नवीन जैन राहत पा गए थे। आरोप है कि बीते 4 साल से कंपनी में माल बनाकर बिना लिखा-पढ़ी सीधे डीलरों को भेजा जा रहा था। पुख्ता सबूतों के बाद डीजीजीआई की लखनऊ यूनिट ने तीन दिन पहले कानपुर में छापेमारी की थी वही जांच में सबूत मिलने के बाद डायरेक्टर नवीन जैन को गिरफ्तार कर कानपुर के स्पेशल सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया।

### अदाणी डिफेंस के साथ मिलकर भारत में ही 70 एमएम रॉकेट बनाएगी थेल्स

**नई दिल्ली/एजेंसी।** स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने की केंद्र सरकार की पहल के अनुरूप अदाणी समूह की कंपनी अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारत में ही 60 एमएम रॉकेट बनाने के लिए थेल्स समूह के साथ एक करार किया है। थेल्स ने एक बयान में बताया कि यह भागीदारी न सिर्फ भारत के लिए उसकी प्रतिबद्धता के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर हमारे पार्टनर नेटवर्क को मजबूत बनाने में भी मददगार होगी। थेल्स समूह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हम इस भागीदारी पर अदाणी समूह को बधाई देते हैं। हम मिलकर भारत के रक्षा क्षेत्र के विकास और सफलता में योगदान देना चाहते हैं। हम भारत में अदाणी समूह के साथ भागीदारी की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। हम भारत में थेल्स के 70 एमएम रॉकेट के विनिर्माण में साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।

# नीट मामले में संसद में जोरदार हंगामा

## राहुल गांधी बोले-देश के युवा घबराए, प्रधान बोले- हम जवाब देने को तैयार

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

नीट पेपर लीक मामले में पूरे देश में सियासत गरमाई हुई है। सड़क पर हंगामा और संसद में संग्राम जारी है। आज संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। लोकसभा में चर्चा के पहले ही विपक्ष ने नीट को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद निचले सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष हृश्वश्वञ्ज पर चर्चा की मांग को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया था।

लोकसभा स्पीकर ने कहा कि नियमों के मुताबिक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद के बीच स्थगन प्रस्ताव नहीं लाया जाता। उधर, संसद में जाने से पहले राहुल गांधी ने कहा, 'मैं पीएम से रिक्वेस्ट करता हूं कि हृश्वश्वञ्ज मामले पर रिस्पेक्टफुली चर्चा करें। देश के युवा घबराए हुए हैं। उन्हें नहीं पता क्या होने वाला है। संसद से यह मैसेज जाना चाहिए कि सरकार और विपक्ष उनकी चिंताओं को लेकर एक साथ हैं। नीट मामले पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरकार हृश्वश्वञ्ज पर जवाब देने के लिए तैयार है. उन्होंने कहा कि नीट पर विपक्ष भ्रमित न करे, हम चर्चा से भाग नहीं रहे।



### नीट पर चर्चा के लिए तैयार, छात्रों के प्रति हैं जिम्मेदार : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

विपक्ष संसद में नीट पर चर्चा की मांग कर रहा है। सरकार का कहना है कि वह संसद में नीट पर चर्चा के लिए तैयार है। इसके लिए हंगामे की जरूरत नहीं है। यह चर्चा शालीनता के साथ होनी चाहिए।लोकसभा स्थगित होने के उपरांत केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि छात्रों को भ्रमित ना करें, इसके लिए उन्होंने विपक्ष से अपील भी की। उन्होंने कहा कि सरकार संसद में हर तरह की चर्चा के लिए तैयार है। राष्ट्रपति ने भी अपने अभिभाषण में नीट को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। सरकार की जिम्मेदारी देश के युवाओं और छात्रों के प्रति है। इस मुद्दे पर सरकार अपना पक्ष रखने के लिए तैयार है। दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीबीआई आरोपियों को पकड़ रही है। किसी को नहीं छोड़ा जाएगा। एनटीए से लोगों को हटाया गया है, वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में निर्णय हुआ था कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के लिए 21 घंटे दिए जाएंगे, जो एक रिकॉर्ड समय है।



### कांग्रेस ने लगाया संसद में राहुल गांधी की माइक बंद करने का आरोप

**स्पीकर बोले- हमारे पास नहीं है कोई बटन**

**नई दिल्ली/एजेंसी।**



नीट पेपर लीक के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को संसद में भारी हंगामा देखने को मिला। इसी बीच कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि लोकसभा में नीट पेपर लीक पर चर्चा की मांग करने के दौरान राहुल गांधी की माइक बंद कर दी गई।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, जहां एक ओर पीएम नरेंद्र मोदी नीट पर कुछ नहीं बोल रहे, उस वक्त विपक्ष के नेता राहुल गांधी युवाओं की आवाज सदन में उठा रहे हैं। लेकिन, ऐसे गंभीर मुद्दे पर माइक बंद करने जैसी ओछी हरकत कर युवाओं की आवाज को दबाने की साजिश की जा रही है।

कांग्रेस द्वारा शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि राहुल गांधी लोकसभा में अपनी बात रख रहे थे कि अचानक से उनकी माइक बंद की गई या फिर आवाज नहीं आई। जिसके बाद विपक्षी दलों के नेता माइक-माइक बोलने लगे। इस पर स्पीकर कहते हैं कि मैं माइक बंद नहीं करता हूं, यहां कोई बटन नहीं है।

# दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 से उड़ानें अनिश्चितकाल के लिए बंद, मृतक के परिजनों को 20 लाख के मुआवजे का ऐलान

**नई दिल्ली/एजेंसी।**



दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 से विमानों का संचालन अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दिया गया है। यहां शुक्रवार सुबह ही छत का एक बड़ा हिस्सा गिर गया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 6 घायल हुए थे। हादसे में मारे गए व्यक्ति के परिजनों को 20 लाख रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया गया है। साथ ही दिल्ली एयरपोर्ट ने कहा है कि सभी घायलों को तीन-तीन लाख रुपए का मुआवजा दिया जायगा। भारी बारिश के बाद शुक्रवार को एयरपोर्ट के टर्मिनल वन पर छत गिरने से हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। दिल्ली एयरपोर्ट ने एक्स पर कहा है कि टर्मिनल वन की सभी फ्लाइट रात 11 बजे तक टर्मिनल दो और तीन से जाएंगी और लैंड करेंगी। हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता ने बताया कि हादसे की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल टर्मिनल 1 से सभी उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। सुरक्षा की दृष्टि से चेक-इन काउंटर बंद कर दिये गये हैं। इंडिगो के अलावा अन्य विमान सेवा कंपनियों की टर्मिनल 1 की उड़ानों को टर्मिनल 2 और 3 पर स्थानांतरित किया जा रहा है। हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी डायल ने एक बयान में बताया कि हादसा सुबह लगभग पांच बजे पुराने डिपार्चर फोरकोर्ट पर हुआ।

### महिलाओं को 1500 रुपए मासिक भत्ता देने का ऐलान, हर साल तीन रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त

**नई दिल्ली/एजेंसी।** 21 से 60 वर्ष की आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक भत्ते की वित्तीय सहायता देने का ऐलान आज कर दिया गया है। इसके अलावा पांच लोगों के एक पात्र परिवार को 'मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना' के तहत हर साल तीन रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त मिलेंगे। ये घोषणाएं महाराष्ट्र में लागू होंगी और इनकी घोषणा आज महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने की। वित्त विभाग संभालने वाले पवार ने विधानसभा में अपने बजट भाषण में कहा कि मुख्यमंत्री माझी लड×की बहिन योजना योजना अक्टूबर में होने वाले राज्य चुनावों से चार महीने पहले जुलाई से लागू की जाएगी। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने ङ्ग पर लिखा, महाराष्ट्र सरकार की नई योजना-मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन, इस योजना के तहत महाराष्ट्र की सभी महिलाओं के खाते में हर महीने 1500 रूपये डाले जाएंगे. यह योजना इसी साल अगले महीने यानी जुलाई महीने से लागू हो रही है, दो-तीन दिनों में सभी माताओं और बहनों के दरवाज़े पर खुशियां ही खुशियां, यह कोई चुनावी वादा नहीं है. और ना ही खटाखट या फटाफट का ललचाऊ फर्जी नारा।

अमरनाथ यात्रा:

# जय बाबा बर्फानी के जयघोष के साथ 4,603 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना

**जम्मू/एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर यहां से रवाना किया। इस साल यह पवित्र अमरनाथ गुफा की यात्रा 52 दिन तक चलेगी। भजन-कीर्तन के बीच 4,603 तीर्थयात्रियों का जत्था दो सुरक्षा काफिलों में यहां भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुआ। पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस मौके पर मौजूद थे।

कुल 1,933 तीर्थयात्री उत्तरी कश्मीर बालटाल मार्ग से जा रहे हैं जबकि 2,670 तीर्थयात्री दक्षिण कश्मीर नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर होकर जा रहे हैं। तीर्थयात्रियों में 3,631 पुरुष, 711 महिलाएं, नौ बच्चे, 237 साधु और 15 साध्वियां हैं। पहला सुरक्षा काफिला सुबह 5.45 बजे बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ, जबकि दूसरा काफिला सुबह 6.20 बजे नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर के लिए रवाना हुआ।

तीर्थयात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग से या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से पवित्र गुफा तक पहुंचते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग उसी दिन पूजा करने के बाद वापस लौट आते हैं।

इस वर्ष 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 19 अगस्त को सावन की पूर्णिमा के दिन रक्षाबंधन पर समाप्त होगी। यात्रा को सुचारू और निर्बाध बनाने के लिए तीर्थयात्रा मार्गों, दोनों आधार शिविरों और मंदिर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।



# मीडिया ट्रायल बनाम समानांतर अदालती व्यवस्था

नीट में लापरवाही के आरोपों और इलेक्ट्रानिक मीडिया के बीच एक और खबर आयी। अपनी फटी ओएमआर सीट दिखाते हुए भावुक आरोप लगाने वाली छात्रा आयुषी पटेल की याचिका पर उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उसे फर्जी पाया। अदालत के सामने प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच के बाद यह पाया गया कि छात्रा ने फर्जी एप्लीकेशन नंबर से एनटीए को मेल किया था। लखनऊ बेंच ने छात्रा के रवैये को अफसोसजनक बताते हुए याचिका को खारिज कर दिया और यह भी कहा कि एनटीए चाहे तो छात्रा के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई कर सकता है।


इस तरह की परीक्षाओं में करोड़ों लोगों का भविष्य जुड़ा रहता है। राष्ट्रहित में यह जरूरी है कि उनके संचालन में पूरी शुचिता बरती जाए, किन्तु अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रानिक मीडिया जिस तरह से समानांतर अदालती व्यवस्था खड़ी कर देती है, उससे ऐसे सामाजिक दबाव का सृजन होता है कि वह न्याय की प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाता है। बिना सुबूत और अदालती निर्णय के ही समाज की निगाह में लोगों को दोषी ठहरा देता है। कुछ समय बाद चाहे भले ही अदालत उन्हें निर्दोष ठहरा दे, किन्तु उनकी जो प्रतिष्ठा खो चुकी होती है, वह कभी भी वापस नहीं आती। बीते वर्षों में रिया–सुशांत, आरुषि–तलवार की हत्या और दिल्ली के जसलीन कौर–सर्वजीत कौर के मामले ऐसे कई उदाहरणों में से कुछ गिनाए जा सकते हैं, जब इलेक्ट्रानिक मीडिया ने अपनी टीआरपी के लिए लोगों को अपूर्णीय क्षति पहुंचायी है। रिया–सुशान्त के मामले में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने रिया को कहीं का नहीं छोड़ा। खुद ही सुबूत इकट्ठा करके उसके ऊपर जादू–टोना से लेकर कई काल्पनिक आरोप लगाए। अदालत ने उन्हें नाकाफी और अविश्वसनीय माना, किन्तु रिया उससे अब तक नहीं उबर पायी और लांछन उनके साथ सदैव के लिए चस्पा हो गया। इसी तरह आरुषि हत्याकांड में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने उसके मां–बाप को जीते जी मार डाला।

बगैर किसी पुख्ता सुबूत और अदालती निर्णय के आरुषि की मौत के बाद उसके चरित्र पर जिस तरह छींटाकशी की गई, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है। राजेश और नुपूर तलवार मीडिया के सामने गिड़गिड़ाते रहे कि उन्हें परेशान न किया जाए, किन्तु उनकी किसी ने एक नहीं सुनी और अपनी टीआरपी के लिए नित नई कहानियां तैयार करते रहे। नौ साल की यंत्रणादायक कानूनी लड़ाई के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उन्हें बरी कर दिया, किन्तु इलेक्ट्रानिक मीडिया ने उन्हें समाज में रहने लायक नहीं छोड़ा। नीट से जुड़े मामले सर्वोच्च अदालत के सामने हैं। अदालत सभी पहलुओं पर गौर कर रही है, किन्तु इलेक्ट्रानिक मीडिया ने समान्तर अदालती व्यवस्था खड़ी कर ली है। उसमें उनके अभियोजक और गवाह हैं। निर्णय लेने की जिम्मेदारी उन्होंने खुद ले ली है। जानकारी की कमी या टीआरपी के दबाव में उन लोगों को भी दोषी ठहराया जा रहा है, जो केवल औपचारिक प्रमुख की भूमिका में है। मसलन एनटीए के अध्यक्ष का पद विश्वविद्यालयों के चांसलर की तरह होता है। नीति निर्माण या क्रियान्वयन में उसकी कोई भूमिका नहीं होती, किन्तु मीडिया बगैर सुबूत के ही उन्हें मुजरिम की तरह पेश कर रहा है।

जब किसी विषय पर अदालत विचार कर रही हो तो इस तरह का मीडिया ट्रायल न्यायिक कार्यों में दखलंदाजी और अदालत की अवमानना है। न्यायशास्त्र का आधारभूत सिद्धांत यह है कि किसी व्यक्ति को तब तक निर्दोष माना जाएगा जब तक उसे अदालत द्वारा दोषी साबित न कर दिया जाए, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ऊपर यह नियम लागू नहीं होता। कई बार तो वह इस तरह की व्यूहरचना तैयार कर लेता है कि अभियुक्त के खिलाफ एक सामाजिक माहौल तैयार हो जाता है और मुकदमे के अदालत में जाने से पहले ही अभियुक्त दोषी ठहरा दिया जाता है। विधि आयोग ने 2006 में जारी अपनी 200 पेज की रिपोर्ट में मीडिया ट्रायल अभिव्यक्ति की आजादी तथा निष्पक्ष न्याय के अन्तर्सम्बन्धों पर विस्तार से चर्चा की थी। आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष न्यायमूर्ति एम जगन्नाथराव ने मत व्यक्त किया था कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण समाचारों के प्रसारण का स्वरूप बदला और उसका असर कई बार अभियुक्तों, गवाहों और यहां तक कि न्यायाधीशों पर पड़ता है। किसी भी व्यक्ति को अदालती फैसले से पहले फैसला सुनाने की इजाजत नहीं होनी चाहिए। विधि आयोग ने इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि इस तरह के मीडिया ट्रायल से निष्पक्ष न्याय पाने के अधिकार में गैरवाजिब दखलंदाजी हो रही है, जो न्यायालय अवमानना कानून 1971 की मंशा के विरुद्ध है। न्यायालय अवमानना कानून की धारा 2 में अवमानना को परिभाषित किया गया है। ऐसा कोई भी प्रकाशन जो न्यायिक कार्यवाही या न्याय प्रशासन में दखलंदाजी करता हो या उस पर प्रतिकूल असर डालता है, वह अदालत की आपराधिक अवमानना की श्रेणी में आता है।

मीडिया ट्रायल से न केवल समानांतर जांच की कार्यवाही की जा रही है, अपितु तमाम विशेषज्ञों को बुलाकर उसके फॉरेंसिक और कानूनी पहलुओं पर इस तरह की चर्चा की जा रही है, जिससे कई लोगों को अपराधी साबित किया जा सके। इस सामाजिक दबाव के सामने निष्पक्ष जांच करना और फिर उस पर निष्पक्ष निर्णय देना आसान काम नहीं है। मुकदमें के सम्यक विचारण के बाद यदि अदालत उन लोगों के खिलाफ सुबूत न मिलने पर छोड़ देता है, जैसा कि आरुषि और सर्वजीत के मामले में हुआ तो आम आदमी के मन में मीडिया द्वारा बनायी गयी अवधारणा इतनी पुख्ता होती है कि उसका अदालत के प्रति विश्वास कम हो जाए तो आश्चर्य नहीं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का इस तरह का आचरण केवल समाज या अभियुक्त के निष्पक्ष न्याय पाने के अधिकार को ही प्रभावित नहीं कर रहा है। इससे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की साख पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की बुनियाद उनकी निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा पर टिकी होती है। अपनी साख को बनाए रखने के लिए उन्हें सदैव सजग रहना पड़ता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अपने विकास के ऐसे पड़ाव पर है, जब उसे अपनी साख और प्रतिष्ठा को मजबूत करना है। इसके लिए उसे मसालेदार ख़बरों की जगह तथ्य परक और संतुलित ख़बरों पर ध्यान देना होगा। उसे अभिव्यक्ति की आजादी और अभियुक्त के न्याय पाने के अधिकार के बीच सामंजस्य बनाना होगा। मीडिया ट्रायल की मौजूदा प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा।

# अभिभाषण में आपात काल का सवैधानिक प्रसंग



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

भारत में संसदीय शासन व्यवस्था है। संविधान के अनुच्छेद 79 में कहा गया है कि संघ के लिए एक संसद होगी, जो राष्ट्रपति और दो सदनों से मिलकर बनेगी, जिन्हें क्रमशः राज्य सभा और लोक सभा के नाम से जाना जाएगा। इस प्रावधान के अनुरुप राष्ट्रपति को संसद के अंग माना जाता है। राष्ट्रपति के विधाई आधिकार होते हैं। वह संसद के दोनों सदनों को बुलाता है और उनका सत्रावसान करता है। लोकसभा को भंग कर सकता है। संसद के दोनों सदनों के लिए एक संयुक्त सत्र आयोजित करने के लिए संसद के दोनों सदनों को बुला सकता है। उसके हस्ताक्षर की बाद ही कोई विधेयक कानून बनता है। वह संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करता है। इसके अनुरूप ही राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने लोकसभा निर्वाचन के बाद पहले संयुक्त सत्र को संबोधित किया। उन्होंने संविधान से संबंधित तथ्यों का भी उल्लेख किया। यह दो कारणों से स्वाभाविक भी था। शायद अपरिहार्य भी। क्योंकि इस बार के चुनाव में संविधान को बदलने का मुद्दा भी चर्चित हुआ था। संसद का सत्र शुरू होने के बाद संविधान की पुस्तक को लेकर प्रदर्शन भी किया गया। अनेक सदस्यों ने संविधान की प्रति लहराते हुए शपथ ग्रहण की। इसके पहले चुनाव प्रचार के दौरान सत्ता पक्ष पर संविधान बदलने का आरोप लगाया गया था। जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान की मूल संरचना या मूल ढांचा का सिद्धांत दिया जिसके तहत भारतीय संसद संविधान में उसी हद तक संशोधन कर सकती है जहां तक संविधान के मूल ढांचे पर कोई प्रभाव ना पड़े। संविधान की सर्वोच्चता, कानून का शासन, संसदीय प्रणाली, न्यायिक समीक्षा, राष्ट्र की एकता और अखंडता, संघीय स्वरूप, विधायिका कार्यपालिका तथा न्यायपालिका के बीच शक्ति का विभाजन, गणराज्य , लोकतंत्र, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव

न्यायपालिका की स्वतंत्रता आदि में बदलाव नहीं किया जा सकता। लेकिन आपात काल और बयालीसवे संशोधन को अवश्य संविधान को बदलने जैसा प्रयास माना गया। विगत दस वर्षो में ऐसा कोई कार्य नहीं हुआ जिसे संविधान को बदलने वाला माना जाए। ऐसे में राष्ट्रपति ने इसका उल्लेख किया। 25 जून को आपात काल लागू होने की पचासवीं वर्षगांठ भी थी। यह विषय पूरी तरह प्रासंगिक भी हो गया था। बयालिसवें संशोधन के द्वारा राष्ट्रपति को कैबिनेट की सलाह को मानने के लिये बाध्य का किया गया था। आपात काल में लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों पर प्रतिबंध लगा था। संवैधानिक संशोधन को न्यायिक प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया था। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 25 जून, 1975 को



लागू हुए आपातकाल का स्मरण करते हुए कहा कि आपातकाल संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय था। वर्तमान सरकार भी भारत के संविधान को सिर्फ राजकाज का माध्यम भर नहीं मानती, बल्कि हमारा संविधान जन–चेतना का हिस्सा हो, इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं। इसी ध्येय के साथ मेरी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है। भारत के उस भूभाग, जम्मू–कश्मीर में भी संविधान पूरी तरह लागू हो गया है, जहां आर्टिकल 370 की वजह से स्थितियां कुछ और थीं। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि 25 जून 1975 को भारत के इतिहास में हमेशा एक काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया और बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान पर हमला किया। भारत पूरी दुनिया में लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाता है। भारत में हमेशा से लोकतांत्रिक मूल्यों और वाद–विवाद का समर्थन किया गया है। लोकतांत्रिक मूल्यों की हमेशा रक्षा की गई है, उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया गया है। ऐसे भारत पर इंदिरा गांधी द्वारा तानाशाही थोपी गई। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंटा गया। इमरजेंसी के दौरान भारत के नागरिकों के अधिकार नष्ट कर दिए गए, पूरी आजादी छीन ली गई। ये दौर था जब विपक्ष के नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया। पूरे देश को जेलखाना बना दिया गया। तब की तानाशाही सरकार ने मीडिया पर अनेक पाबंदिया लगाई थी, न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा दिया गया था। इमरजेंसी का वह समय हमारे देश के इतिहास में अन्यायकाल का एक काला खंड था। इमरजेंसी लगाने के बाद कांग्रेस सरकार ने कुछ ऐसे फैसले किए, जिन्होंने हमारे संविधान की भावनाओं को कुचलने का काम किया। संविधान में 38वां, 39वां, 40वां, 41वां और 42वां संविधान संशोधन किया गया। इसका उद्देश्य था कि सारी शक्तियां एक व्यक्ति के पास आ जाएं। ऐसे समय में जब इमरजेंसी के 50वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, ये 18वीं लोकसभा अपनी प्रतिबद्धता को दोहराती है। हम भारत में कानून का शासन और शक्तियों का विकेंद्रीकरण अक्षुण रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपातकाल पचास साल पहले लगाया गया था, लेकिन आज के युवाओं के लिए इसके बारे में जानना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस बात का एक उपयुक्त उदाहरण है कि जब संविधान को रौंदा जाता है, जनमत को दबाया जाता है और संस्थाओं को नष्ट किया जाता है तो क्या होता है।

आपातकाल के दौरान की घटनाएं इस बात का उदाहरण हैं कि तानाशाही कैसी होती है। राष्ट्रपति के संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन को व्यापक रहा। इसमें संवैधानिक व्यवस्था प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया गया। इसमें भारत द्वारा की जा रही प्रगति और भविष्य में आने वाली संभावनाओं को शामिल किया गया। उनके संबोधन में कुछ प्रमुख चुनौतियों का भी उल्लेख किया गया, जिन्हें नागरिकों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से दूर करना होगा।

राष्ट्रपति ने अपने भाषण में सरकार की उपलब्धियों गिनाई और कहा कि आगामी बजट भविष्य की दूरदर्शिता का दस्तावेज होगा। इसमें बड़े आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के साथ ही अनेक ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि दुनियाभर से निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्यों में स्वस्थ स्पर्धा हो। यही कंप्टीटिव को–ऑपरेटिव फेडरलिज्म की सच्ची स्पिरिट है।

सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है। 10 साल में भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर पांचवें नंबर पर पहुंचा है। साल 2021 से लेकर साल 2024 के बीच भारत ने औसतन 8 प्रतिशत की रफ्तार से विकास किया है और ये ग्रोथ सामान्य समय में नहीं हुई है। ऐसे अनेक रिफॉर्म हुए हैं, जिनका बहुत लाभ देश को आज मिल रहा है। जब ये रिफॉर्म किए जा रहे थे, तब भी इनका विरोध किया गया था, नकारात्मकता फैलाने की कोशिश की गई थी, लेकिन ये सारे रिफॉर्म समय की कसौटी पर खरे साबित हुए हैं। सरकार डिजिटल इंडिया और डाक नेटवर्क का उपयोग कर दुर्घटना और जीवन बीमा का कवरेज बढ़ाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों में सुधार प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए ताकि वे युद्ध के लिए तैयार रहें। बैंकों की मजबूती उन्हें ऋण आधार बढ़ाने तथा राष्ट्र की आर्थिक वृद्धि में योगदान करने में सक्षम बनाती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में अधिक भागीदारी की मांग करने वाली महिलाओं को महिला आरक्षण कानून से सशक्त बनाया गया है। पूर्वोत्तर में विकास के लिए कदम उठाए जा रहे हैं, सरकार एएफएसपीए को धीरे–धीरे हटाने के लिए भी काम कर रही है। सरकार पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए काम कर रही है।

# भारत में घटते भूजल स्तर का संकट: ग्रामीण कृषि के लिए खतरा



मनतार सिंह

भारत के लिए भूजल एक आवश्यक संसाधन है, खासकर इसके ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जो कृषि पर निर्भर हैं। लेकिन देश का भूजल स्तर चिंताजनक रूप से गिर रहा है, जिससे देश की खाद्य सुरक्षा और लाखों किसानों की आजीविका दोनों खतरे में पड़ रही है। सालाना लगभग 230 क्यूबिक किलोमीटर भूजल का उपयोग करने के साथ, भारत इस संसाधन का दुनिया का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है। एकत्र किए गए भूजल का लगभग 89% कृषि के लिए उपयोग किया जाता है, जो इस गहन उपयोग का मुख्य चालक है। पिछले कुछ दशकों में भूजल स्तर अभूतपूर्व दर से गिर रहा है, जिसका सबसे अधिक असर ग्रामीण क्षेत्रों पर पड़ रहा है। केंद्रीय भूजल बोर्ड (उऋइ) द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 2007 और 2017 के बीच, देश भर में निगरानी के तहत लगभग 65% कुओं में जल स्तर कम हो गया। ग्रामीण भारत में, कृषि के लिए अत्यधिक भूजल निष्कर्षण, जल का अनुचित उपयोग, तथा जलभृतों का अपर्याप्त पुनर्भरण भूजल क्षरण के मुख्य कारण हैं।

कृषि उत्पादन में वृद्धि के बावजूद, 1960 और 1970 के दशक की हरित क्रांति के परिणामस्वरूप सिंचाई के लिए भूजल पर निर्भरता बढ़ गई। बोरवेल और ट्यूबवेल के प्रसार, पानी पंप करने के लिए मुफ्त ऊर्जा के प्रावधान और अधिक पानी वाली फसलों जैसे गन्ना और चावल की ओर झुकाव के कारण भूजल निष्कर्षण और भी बदतर हो गया है। बाढ़ सिंचाई सबसे अधिक अक्षम पारंपरिक सिंचाई तकनीकों में से एक है, जिससे बहुत सारा पानी बर्बाद होता है। ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई जैसे अधिक प्रभावी तरीके उपलब्ध हैं, लेकिन उनकी उच्च



शुरुआती लागत और सीमित किसान जागरूकता के कारण, उनका उपयोग धीमा रहा है।

वनों की कटाई, शहरीकरण और अपर्याप्त वर्षा कुछ ऐसी चीजें हैं जो भूजल को प्राकृतिक रूप से फिर से भरने से रोकती हैं। तालाबों और टैंकों जैसी पारंपरिक जल सुविधाओं के अपर्याप्त रखरखाव से समस्या और भी बदतर हो गई है, जो पहले भूजल पुनर्भरण के लिए आवश्यक थे। भारत में, भूजल स्तर में कमी से ग्रामीण कृषि पर बहुत बुरा असर पड़ा है। किसानों को भूजल स्तर में गिरावट के कारण गहरे कुएं खोदने पड़ते हैं, जिससे सिंचाई का खर्च बढ़ जाता है। कई इलाकों में कुएं पूरी तरह सूख चुके हैं, जिससे किसानों को या तो अपनी ज़मीन छोड़नी पड़ रही है या कम पानी की खपत वाली लेकिन कम लाभदायक फ़सलें उगानी पड़ रही हैं। इसके परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन में गिरावट आई है, वित्तीय कठिनाई बढ़ी है और किसानों की आत्महत्याओं में वृद्धि हुई है। भारत में भूजल की कमी लगातार नहीं हो रही है। सबसे ज़्यादा प्रभावित वे राज्य हैं जो सिंचाई के लिए भूजल पर ज़्यादा निर्भर हैं, जैसे पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात। उदाहरण के लिए, पंजाब में 80% से ज़्यादा ब्लॉक अत्यधिक दोहन वाले के रूप में वर्गीकृत हैं। इसी तरह, पिछले 20 सालों में राजस्थान के कुछ हिस्सों में जल स्तर 3 मीटर से ज़्यादा कम हो गया है।

भूजल संकट से निपटने के लिए नीतिगत सुधार, तकनीकी हस्तक्षेप और सामुदायिक भागीदारी सहित बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। स्थायी उपयोग का समर्थन करने वाले कानूनों को लागू करके भूजल निष्कर्षण को नियंत्रित करना महत्वपूर्ण है। इसमें पानी की कमी के अनुसार मूल्य निर्धारण, भूजल उपयोग को मापना और जल–बचत व्यवहार के लिए प्रोत्साहन प्रदान करना जैसे कदम उठाना शामिल हो सकता है।

वित्तीय प्रोत्साहन देकर और जागरूकता पहल शुरू करके ड्रिप और स्प्रिंकलर सिस्टम जैसी प्रभावी सिंचाई तकनीक के उपयोग को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, कृत्रिम जलभृत पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन जैसी विधियाँ भूजल स्तरों की पुनःपूर्ति में सहायता कर सकती हैं। स्थायी भूजल उपयोग के लिए जल प्रबंधन में स्थानीय आबादी को शामिल करना आवश्यक है। भूजल संसाधन प्रबंधन और निगरानी को गाँव–स्तरीय जल उपयोगकर्ता संघों की भागीदारी से बहुत लाभ हो सकता है। समकालीन जल प्रबंधन योजनाओं में पारंपरिक जल–बचत ज्ञान और तकनीकों को पुनर्जीवित करना और शामिल करना भी महत्वपूर्ण है।

भारत के घटते भूजल स्तर से लाखों किसानों के जीवन और फसलों को गंभीर खतरा है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। भले ही दूर करने के लिए कई बाधाएँ हों, लेकिन सरकारी बदलावों, तकनीकी सुधारों और सामुदायिक भागीदारी की मदद से समस्या को कम किया जा सकता है। वर्तमान समय के लिए महत्वपूर्ण होने के अलावा, टिकाऊ भूजल प्रबंधन सुनिश्चित करना भारत की कृषि और खाद्य सुरक्षा के भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है।

# संताल हूल के नायक सिदो कान्हू के सपने और वर्तमान सामाजिक राजनीतिक संकट



अशोक सिंह

इतिहास गवाह है कि संताल हुल के नायक सिदा कान्हू ने कभी 'अबुआ दिशुम, अबुआ राज' का सपना देखा था। वह सपना सिर्फ सिदो कान्हू का सपना नहीं था, बल्कि संताल हुल से जुड़े उन हजारों–लाखों आदिवासियों का सपना था, जो उनके साथ 1855 के संताल विद्रोह में अपने हक अधिकार और अस्मिता की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए शहीद हो गये लेकिन अफसोस कि आजादी तो आजादी झारखण्ड अलग राज्य बनने के बाद भी वह सपना अब तक पूरा नहीं हुआ। अमर शहीद सिदो कान्हू का वह सपना आईने की तरह टूटकर इस कदर बिखर गया जिसमें बैचेन और हताश आदिवासी समाज आज अपनी अस्मिता और विकास का चेहरा ढूंढ़ता फिर रहा है।

अब जहाँ तक बात सिदो कान्हू के उस सपने के टूटकर बिखरने और उसके पीछे की सामाजिक राजनीतिक परिस्थितियों की है तो जैसाकि सर्वविदित है कि झारखंड की जनता जन राजनीति के लिए हर बार आवाज उठाती रही है। खासकर विकास के सवाल को लेकर उसने वर्तमान सामाजिक विसंगतियां व राजनीति के तौर तरीकों के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया है और स्वशासन के माध्यम से उसने बताया है कि जनतंत्र का वास्तविक अर्थ जनता की वह सत्ता है जो कि गरीब से गरीब को निर्णय करने का अधिकार देती है। इस अधिकार से ही जुड़ा है संसाधनों पर हक की मांग। झारखंड के लोग महसूस करते हैं कि उनका खराब वक्त तभी से आया जब से संसाधनों पर से हक छीन लिया गया। संसाधनों पर से हक का छीन जाना एक राजनीतिक कार्रवाई थी, जिसे शासकों ने यहाँ के लोगों की प्रतिरोध चेतना को कुंद करने के लिए किया। शासक मानते थे कि झारखण्ड को लड़ कर नहीं जीता जा सकता लेकिन राहतों का भ्रम पैदा कर यहां हुकूमत किया जा सकता है। अंग्रेजों ने पूरी चालाकी के साथ अपना यह इरादा अपनाया और कामयाब हुए। आजादी के बाद के शासकों ने झारखंड स्वयत्तता की मांग को देखते हुए ऐसा ही खेल, खेला और झारखण्ड की स्थापना के बाद भी यहां की जनता को न केवल कमजोर किया बल्कि उनकी एकता को भी तोड़ने का षड्यंत्र किया और सफलता भी पाई। देखा जा सकता है कि झारखण्ड में ऐसे कानून बनाए गए जो यहां की प्रकृति और सांस्कृतिक मान्यताओं से मेल नहीं खाते और विकास के नाम पर विस्थापन का आतंक पैदा कर दिया गया। झारखण्ड की जनता को बचाव के संघर्ष में उलझा दिया गया। झारखण्ड के वास्तविक इतिहास की रचना के बीच आत्मविश्वास कमजोर हुआ।

झारखण्ड की जनता के साथ यह खेल संताल हुल और बिरसा उलगुलान के बाद से ही किया जाता रहा। लेकिन हर बार यह देखा गया है कि जनता अपने बीच से नए इतिहास प्रतीकों को खोज लेती है और संघर्ष को तेज कर देती है। आजादी के संघर्ष के समय ही जब आदिवासी पहचान का सवाल उठाया गया तो उनकी कम आलोचना नहीं हुई। यहां तक कहा गया कि इससे अंग्रेज ही मजबूत हो रहे हैं। वास्तव में पहचान के सवाल को पूरी गंभीरता के साथ देखने समझने का नजरिया ही विकसित नहीं हुआ था लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी यह आंदोलन कमजोर नहीं हुआ और झारखंड की जनता ने न केवल अपनी पहचान के सवाल को महत्वपूर्ण बना दिया बल्कि आजादी मिलने तक यह सवाल देश के ऐजेंडा का हिस्सा बन गया। संविधान सभा ने इस बात को स्वीकार किया कि आदिवायियों के सवाल कुछ अलग हैं और उनके विकास के लिए खास व्यवस्था की जरूरत है। यह भी कहा गया कि आदिवासी प्रशासन की परंपराओं को नकारा नहीं जा सकता। इन स्वीकृतियों के बाद भी आदिवासियों को उनका वास्तविक हक नहीं मिला। उनकी आकांक्षा के साथ इंसाफ नहीं किया जा सका और आदिवासी विकास को विनाशकारी परिणामों की बलिवेदी पर चढ़ा दिया गया। विकास की नीति परंपरागत जरूरतों के अनुरूप नहीं बनाए गए। आदिवासियों को उस बाजार के हवाले कर दिया गया, जिसका आधार ही मोलतोल है। जबकि यह तो सब जानते हैं कि आदिवासी परंपरा और उनके जीवन व्यवहार में मोलतोल का कोई स्थान नहीं है। जब से नई आर्थिक नीति आई है बाजार का हमलाकारी रूख आदिवासी समाज पर है। आदिवासियों की विरासतों के साथ ज्यादा खेल किया जा रहा है और यह बताने की कोशिश की जा रही है कि आदिवासी समाज अपनी रक्षा स्वयं नहीं कर सकता। आदिवासी क्षेत्र के संसाधनों को लूटने की नीयत से इतिहास के मिथकों की रचना की जा रही है और आदिवासियों की सामाजिकता को व्यक्तिवाद में बदलने की साजिश की जा रही है। आदिवासी जिस तरह जंगल और जमीन के बिना खानाबदोश हो जाते हैं उसी तरह वह अपने ऐतिहासिक प्रतीकों से कट कर सदा के लिए खत्म हो जाता है। दुनिया के कुछ कथित विकसित देशों में यह देखा जा सकता है। यही कारण है कि आज का आदिवासी समाज अपनी परंपरा को ज्यादा याद करता है और उन हमलों के खिलाफ उठ खड़ा होना चाहता है, जिसने उसकी सामूहिकता को ही नष्ट कर दिया है या करने का तरीका ईजाद कर दिया है। आदिवासी जन राजनीति की बुनियाद उस जनतंत्र की स्थापना है, जिसमें व्यक्ति से ज्यादा समूह का स्थान होगा। इसे स्थापित करने के लिए आदिवासियों को अपनी उस इतिहास चेतना को फिर से स्थापित करना होगा जो कि उपनिवेशकालीन और बाद में आंतरिक उपनिवेशवादी संस्कृतिकरण के शिकार हो गए हैं।

आदिवासी समाज के विकास और राजनीति के सामने अनेक गंभीर सवाल हैं झारखंड की अब तक की विविधता को उसे बचाना है तो दूसरी और उसे यह भी साबित करना है कि आज की नैतिकता की तुलना में उनकी सामाजिक नैतिकता कहीं ज्यादा कारगर है, जिससे आज की चुनौती का सामना किया जा सकता है। झारखण्ड के सामने यह भी चुनौती है कि आज की बाजार अर्थव्यवस्था के फांस को वह तोड़ दे और एक ऐसी नीति का निर्माण करे जिससे जनता की ताकत और निर्णयकारी प्रवृति स्पष्ट दिखे। समानता की अपनी विरासत पर आदिवासी समाज गर्व कर सकता है लेकिन उसे आज के अनुकूल ऐसी समानता की भी स्थापना करनी है जिसमें स्त्रियाँ अपने अधिकारों के साथ समाज और सत्ता का संचालन कर सके। आदिवासी इतिहास के यही सबक है और इन्हें कारगर हथियार बना कर ही झारखण्डी चेतना की बात को स्थापित किया जा सकता है। यह इसलिए भी जरूरी है कि हर किस्म के राजनीतिक दल बिना झारखंड की बात किए इस क्षेत्र में सफल नहीं हो सकते। उन लोगों ने इस राग को अलापना भी शुरू कर दिया है। लेकिन जनता ही बता सकती है कि झारखंड का सवाल केवल राजनीतिक सौदाबाजी नहीं बल्कि जीवन पद्धति है और इसे अपनाने के लिए दलों को अपना एजेंडा भी बदलना होगा।

लोकतंत्र का वर्त्तमान ढांचा जनप्रतिनिधि पर जननियंत्रण का कोई भी तरीका विकसिक नहीं कर पाया और इस कारण जनता के प्रति जो जिम्मेदारी राजनीतिक दलो में होनी चाहिए वह नहीं दिखती है। इसलिए झारखंड में भी सांप्रदायिकता का जादू चल जाता है। जबकि हर कोई यह स्वभाव जीता है कि झारखण्ड का मतलब ही है मेल जोल है और प्रकृति अराधना की इस धरती पर सांप्रदायिकता की राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं है। यह सच्चाई है कि आजादी के बाद आकर बसे हुए लोगों ने सांप्रदायिकता की राजनीति को यहां स्थापित करने का प्रयास किया और इसमें स्थानीय जनों को भी शामिल कर लिया लेकिन स्थानीय लोगों की इस भागीदारी के पहले उनकी सांस्कृतिक विरासतों के बारे में गलत मिथक बनाए गए। उसके आधार पर सांस्कृतिक खासियत के सवाल को गौण कर दिया गया। यह काम करने वाले लोगों ने इतिहास की आदिवासी अवधारणा के साथ पूरा खिलवाड़ किया और आदिवासी पहचान के सवाल को भी गौण किया। ऐसा किए बिना ऐसा खिलवाड़ संभव ही नहीं था। लेकिन आदिवासी जनता ने इस भ्रम को जल्द ही पहचानने का काम किया। खास कर विस्थापन विरोधी आंदोलनों ने आदिवासी चेतना की परंपरा को कुंद होने से बचाने का काम किया और उन्हें अपने को बचाए रखने के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा से भी भर दिया।

कुल मिलाकर आदिवासी समाज को लेकर बाहर की दुनिया के भी भ्रम टूटे हैं और एक बड़ी बात यह हुई है कि ऐसे ही समूहों की ओर से बात की जाने लगी है कि वर्तमान समस्याओं से देश और समाज ही नहीं दुनिया को केवल आदिवासी परंपरा ही बचा सकती है। जब यह बात की जाती हैं तब आदिवासियों को सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि ज्यादातर मौखिक परंपरा और इतिहास चेतना के कारण यह खतरा बना ही रहता है कि आदिवासियों की वास्तविक चेतना को बाह्य तत्व अपने अनुकूल बना ले सकते हैं या ऐसी व्याख्या कर सकते हैं जिससे संस्कृति का मूल स्वरूप ही प्रभावित हो जाए। शोषण करने का यह भी एक तरीका है कि समाज अपने में ही दिग्भ्रम का शिकार हो जाए। ऐसे में संताल हुल के नायक सिदो कान्हू के सपने को साकार कर संताल परगना ही नहीं सम्पूर्ण झारखण्ड के संतुलित विकास के लिए आदिवासी समाज को जागना होगा ताकि उनके इतिहास के साथ कोई भी खिलवाड़ नहीं किया जा सके। आदिवासी परंपरा के बारे में भी कुछ थोपा नहीं जा सके। गौरतलब है कि अंग्रेज इतिहासकारों ने तो आदिवासी इतिहास की बुनियाद को ही बदल दिया है और मानव शास्त्रियों के अध्ययन में भी देशज बोध का अभाव है। ऐसे हालात में केवल मौखिक परंपरा के आधार पर ही आदिवासी जनतंत्र की निरंतरता को समझा जा सकता है और इंसाफ–पसंद नई दुनिया में यात्रा की जा सकती है। बार–बार यह बात दुहराना होगा कि आदिवासियों के प्रतिरोध आंदोलन केवल क्षणिक विद्रोह नहीं थे बल्कि उसमें परंपरा के आधार पर अपनी स्वयत्तता को बहाल करने का इरादा था। यह इरादा इतना मजबूत था कि तमाम बौद्धिक हमलों के बाद भी आदिवासी स्वाभिमान को पूरी तरह कुचला नहीं जा सका। आदिवासी सामूहिकता ही नहीं स्त्री–पुरूष समानता को भी खत्म नहीं किया जा सका। आदिवासी समाज ने पूरी ताकत के साथ अपने को सामंतवादी होने से बचाया और वह बराबरी वाले समाजतंत्र के लिए आज भी संघर्ष कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ अशोक सिंह गुर्जर ने अपने दादाजी की प्रथम पुण्यतिथि पर बच्चों को कराया भोजन

● नर सेवा ही नारायण सेवा के भाव को किया चरितार्थ



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** विजयनगर कॉलोनी निकट हीरा दास फाउंडर दिगंबर सिंह द्वारा निशुल्क संचालित बाल पाठशाला में रेजिडेंट डॉक्टर अशोक सिंह गुर्जर डिपामेंट आफ पीडिया जनाना अस्पताल भरतपुर द्वारा स्थानीय बाल पाठशाला में अपने दादाजी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई तथा बाल पाठशाला के सफल क्रियान्वयन में टीचर एवं अन्य स्टाफ सदस्यों का व्यवहार देखकर मन को अत्यंत खुशी महसूस हुई तथा बच्चों से मिलकर उनके जीवन के लक्ष्य, कार्य और शिक्षा के प्रति समर्पण देखकर मन गदगद हो उठा साथ ही सामाजिक अवसरों पर होने वाले व्यर्थ खर्चों से अलग हटकर बच्चों के लिए शाम के भजन की व्यवस्था करते हुए बहुत हर्ष महसूस हुआ बाल पाठशाला एक जरूरतमंद बच्चों के लिए अच्छी पहल है बच्चों के जीवन को सही दिशा देने हेतु समस्त शिक्षक गणों का धन्यवाद देते हैं उनकी बदौलत हमें बच्चों के लिए कुछ करने का मौका मिला इस अवसर पर साथ आये डॉक्टर परमजीत सिंह डिपार्मेंट आफ पीडिया जनाना अस्पताल भरतपुर नहीं बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में चर्चा की और उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जाना।समिति अध्यक्ष वीरपाल सिंह ने इस मौके पर सभी को धन्यवाद प्रकट किया तथा संरक्षक प्रेम सिंह अध्यापक ने सभी का स्वागत कर कार्यक्रम आगे बढ़ाया इस मौके पर नर्सिंग ऑफिसर सज्जन सिंह, देवेंद्र सिंह अध्यापक, रवि कुमार बैंक ऑफ़ बरोदा, संदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### ट्रक चालकों का चिकित्सा शिविर आयोजित



**चमकता राजस्थान/अज़मेर (रघुनन्दन पारीक)** अजमेर श्रीनगर ज्योति विकास समिति संस्था की ओर से ट्रक चालकों के लिए नेत्र जांच व चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में वाहन चालकों की नेत्र जांच के साथ दवाइयां चश्मा भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।समिति से कांता भट्ट, सचिव विद्या पुरोहित शिविर में अधिक से अधिक चालकों को लाभान्वित करने के प्रयासों में जुटी हुई है। एनएच 48 रिद्धि सिद्धि होटल के पास कार्यालय पर आयोजित शिविर का ट्रक चालकों की ओर से लाभ उठाया जा रहा है। शिविर में मानसिक स्वास्थ्य के लिए डॉक्टर गीतिका और डॉक्टर सुनील द्वारा नेत्र जांच कर परामर्श दिया जा रहा है। हीना, मनोज कार्तिक हिमांशु भी सेवाएं दे रहे हैं।संस्था की ओर से 15 दिनों में 1000 ट्रक चालकों की नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में आयुष्मान कार्ड श्रमिक कार्ड भी बनाए जा रहे हैं। ट्रक चालकों को हैवी लाइसेंस वआधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है।

### वाहन चोरियों की घटना का पर्दा×फाश, दो खरीददार सहित चार गिरफ्तार

● चित्तौड़गढ़, मंडफिया व जयपुर से चोरी की गई 11 मोटर साईकिले बरामद



**चमकता राजस्थान। जयपुर/चित्तौड़गढ़,! (खलील कुरैशी)** 28 जून। दुपहिया वाहन चोरियों की घटना का खुलासा कर थाना कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 11 मोटर साईकिलें बरामद की है। पुलिस ने दो बाईक चोरों के साथ दो खरीददार को भी हिरासत में लिया हैं। जब्त की गई बाइक चित्तौड़गढ़ शहर, मण्डफिया व जयपुर से चुराई गई है।पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि शहर में बाईक चोरियो की घटनाओं की रोकथाम एवं खुलासे के लिये एएसपी चित्तौड़गढ़ परबत सिंह एवं वृताधिकारी चितौड़गढ तेज कुमार पाठक के सुपरविजन व थानाधिकारी कोतवाली संजीव स्वामी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा शहर में लगे हुऐ सीसीटीवी फूटेज का बारिकी से विश्लेषण कर तकनीकी साक्ष्य एवं ुमन इंटेलीजेंस का उपयोग करते हुऐ मोटर साईकिल चोरी की घटना कारित करने वाले आरोपी कीरखेडा थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़ निवासी देवराज पुत्र मुकेश कीर व नरेन्द्र उर्फ रोमन पुत्र लक्ष्मण कीर एवं चोरी की बाइक के खरीददार त्रेष्ठा थाना गंगरार निवासी कैलाश गुर्जर पुत्र माना उर्फ मन्नालाल गुर्जर व गोपालनगर थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़ निवासी मुरली पुत्र बाबु तेली को गिरफ्तार कर चोरी की 11 मोटर साईकिले बरामद की हैं।उक्त मोटर साईकिलें आरोपियों द्वारा चित्तौड़गढ़ शहर, सांवरियाजी, जयपुर से चोरी की गई है। मामले में गिरफ्तार आरोपी देवराज कीर एवं कैलाश गुर्जर को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया तथा आरोपी नरेन्द्र उर्फ रोमन एवं मुरली तेली से अनुसंधान जारी है।

## उदयपुर जिले में थाना गोवर्धन विलास व प्रताप नगर ने डीएसटी के साथ की बड़ी कार्रवाई


# बाहरी राज्यों से अनैतिक कार्य के लिए लाई गई 15 लड़कियों को किया रेस्क्यू

चमकता राजस्थान

जयपुर/उदयपुर (खलील कुरैशी) 28 जून। जिले की प्रताप नगर व गोवर्धन विलास थाना पुलिस की टीम ने डीएसटी के साथ मिल बड़ी कार्रवाई करते हुए बाहरी राज्यों से अनैतिक कार्य के लिए लाई गई 15 लड़कियों को रेस्क्यू कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि उदयपुर शहर में होटलों एवं उपनगर क्षेत्र में अनैतिक गतिविधियों होने की सूचना मिलने पर डीएसटी सहित सभी थाना अधिकारियों को इन गतिविधियों पर लगाम लगाने एवं धरपकड़ के निर्देश दिए गए है।

इसी दौरान थाना गोवर्धन विलास एवं प्रताप नगर क्षेत्र में इसी प्रकार की गतिविधियां होने की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ पूर्व गोपाल सिंह मेवाडा व सीओ गिर्वा गजेंद्र सिंह राव



**पांच आरोपी गिरफ्तार पूछताछ जारी**

के सुपरविजन एवं एसएचओ प्रताप नगर भरत योगी, एसएचओ गोवर्धन विलास भवानी सिंह राजावत व डीएसटी प्रभारी देवेंद्र देवल के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया।एसपी गोयल ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस की टीम द्वारा कुल 9 लड़कियों को रेस्क्यू कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई एएसआई मोहन सिंह मय टीम द्वारा ढिकली स्थित रूद्र विहार विला में की गई। दिल्ली से लाई गई तीन महिलाओं को रेस्क्यू कर दलाल सुनील कुमार यादव पुत्र सतवीर निवासी रेवाड़ी हरियाणा एवं तारक कीर्तनीया पुत्र गोपाल निवासी कालकाजी दक्षिणी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया दूसरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक रणजीत सिंह मय टीम द्वारा देबारी स्थित डायमंड गेस्ट हाउस पर छापा मार मध्य प्रदेश से लाई गई दो महिलाओं को रेस्क्यू कर गेस्ट हाउस संचालक माव राम पटेल पुत्र उदा निवासी कराकला बम्बोरा थाना कुराबड को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार सब इंस्पेक्टर महेश जोशी मय टीम द्वारा पुराना आरटीओ रोड स्थित सांवरिया गेस्ट हाउस पर छापामार मध्य प्रदेश एवं दिल्ली से लाई गई चार महिलाओं को रेस्क्यू कर गेस्ट हाउस संचालक महेंद्र पटेल पुत्र केवाजी निवासी गिंगला को गिरफ्तार किया गया।एसपी गोयल ने बताया कि इसी प्रकार गोवर्धन विलास थाना अधिकारी भवानी सिंह मय टीम द्वारा बलीचा स्थित होटल सिटी प्राइड में छापा मार 6 लड़कियों को रेस्क्यू कर होटल के काउंटर पर बैठे अशोक कलाल पुत्र देवीलाल निवासी करावली जिला सलूंबर को गिरफ्तार किया गया।होटल के संचालक जयेश पाटीदार व जगदीश पटेल है। होटल से रेस्क्यू की गई लड़कियों ने बताया कि ये दोनों बाहरी लड़कियों को इवेंट में काम दिलाने का झांसा देकर उदयपुर बुलाते हैं और उनको अधिक पैसों का लालच देकर देह व्यापार के धंधे में लगा देते हैं।

## जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

● दिये न्योचित दिशा-निर्देश

चमकता राजस्थान

धौलपुर (रामदास तरुण)दिनांकः-29 मई 24 को अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर सतीश चंद द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने बंदियों को कारागृह में मिलने वाली सुविधाओं जैसे भोजन, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा कारागृह के बंदियो से रूबरू होकर उनके प्रकरणों के संबंध में



जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। जिला न्यायाधीश सतीश चंद ने बंदियों को बताया कि यदि किसी विचाराधीन बंदी का उसके प्रकरण मे पैरवी हेतु कोई अधिवक्ता नहीं है! तो ऐसे बंदी जेल अधीक्षक के माध्यम से अथवा संबंधित न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने पर न्यायालय के माध्यम से नियमानुसार अधिवक्ता नियुक्ति हेतु विधिक सहायता का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर को भिजवावे जिससे ऐसे बंदीगण की ओर से पैरवी हेतु प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जा सके। इसी प्रकार ऐसे सजायाफ्ता बंदी जिन्होंने सजा के खिलाफ अपील नहीं की है! और वह अपील करना चाहता है!तो ऐसे बंदी को विधि अनुसार अपील करने का पूर्ण अधिकार है! और ऐसे बंदी को भी अपील हेतु विधिक सहायता के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जावेगा इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) रेखा यादव, जिला न्यायालय के पीए मनोज वर्मा, प्राधिकरण के लिपिक सुरेन्द्र सिंह, चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, अस्सिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल मीता अग्रवाल, कार्यवाहक जेल अधीक्षक पूरन चंद शर्मा, डिप्टी जेलर शेलेन्द्र, हैड कॉनि. मनोज सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

### चामुण्डा माता मंदिर परिक्रमा मार्ग का विकास प्रारम्भ

● समृद्ध भारत अभियान परिक्रमा मार्ग में पौधरोपण, तालाब का जीर्णोद्धार व लाइटिंग का करेगा कार्य



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** समृद्ध भारत अभियान संस्था ने कुम्हेर के पैंघोर में स्थित चामुण्डा माता मंदिर के परिक्रमा मार्ग के विकास का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। विकास कार्यों के तहत परिक्रमा मार्ग में 108 नीम के पौधे लगाने, तालाब का जीर्णोद्धार और लाइटिंग का कार्य कराया जायेगा।संस्था ने निदेशक सीताराम गुप्ता ने बताया कि चामुण्डा माता मंदिर समिति की मांग पर माता के परिक्रमा मार्ग का विकास का कार्य शुरू करा दिया गया है। उन्होने बताया कि परिक्रमा मार्ग में छाया के लिए 108 नीम के पौधे लगाये जायेंगे। जिनके लिए गढढे खोदने का कार्य शुरू हो चुका है। नीम के पौधे 3-4 साल में जब वृक्ष बन जायेगे तो पूरी परिक्रमा मार्ग में छाया हो जायेगी। जिससे परिक्रमार्थियों को धूप से होने वाली परेशानी नहीं हो सकेगी। इसी प्रकार परिक्रमा मार्ग के पास बने तालाब से मिट्टी निकलवा कर इसका जीर्णोद्धार कराया जायेगा। तालाब जब वर्षा के पानी से भर जायेगा तो मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थी इसमें स्नान भी कर सकेंगे। साथ ही इस पानी का उपयोग पौधों की सिचाई के लिए भी किया जा सकेगा। इसी प्रकार परिक्रमा मार्ग में लाइटिंग की व्यवस्था सार्वजनिक निर्माण विभाग व विद्युत निगम के सहयोग से कराई जायेगी। कार्य प्रारम्भ करते समय चामुण्डा माता कमेटी के अध्यक्ष फतेहसिंह, कुम्हेर नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन बृजेश अग्रवाल, तेजेन्द्र फौजदार, कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रामवीर, ओम प्रकाश मास्टर, मंदिर के महन्त हरि प्रसाद लवानियॉ सहित आपस पास के गांवों के लोग उपस्थित थे।

## एक दिवसीय जिला स्तरीय मिलेट मेले का आयोजन आज

### जवाहर कला केंद्र, शिल्पग्राम में होगा आयोजित

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी) जयपुर 28 जून।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एवं सीएमएचओ जयपुर द्वारा आगामी शनिवार, 29 जून को जेएलएन मार्ग स्थित जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में एक दिवसीय जिला स्तरीय मिलेट मेले का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा मोटे अनाज (श्री अन्न) की उपयोगिता एवं गुणवत्ता की जागरूकता हेतु आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मिलेट मेला 2024 के आयोजन हेतु राज्य सरकार के दिए गए निर्देशों की पालना में शिल्पग्राम में एक दिवसीय जिला स्तरीय मिलेट मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि उक्त मेले में विभिन्न कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता करते हुए मेले को सफल बनाएं।

## डॉ संजीव का खंड काव्य 'गांधारी' स्त्री अस्मिता को बहुमान देती है

# रेणु चन्द्रा माथुर के कहानी संग्रह 'विश्वास की धूप' और डॉ संजीव कुमार के खंड काव्य 'गांधारी' पर गहन विमर्श

● रेणु चन्द्रा माथुर की कहानियों में होते हैं सामाजिक सरोकारों के दर्शन

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) 28 जून। राही सहयोग संस्थान के तत्वावधान में कल यहाँ होटल रीगल में वरिष्ठ कवि डॉ। संजीवकुमार के खंड काव्य गांधारी और वरिष्ठ कथाकार रेणु चन्द्रा माथुर के कहानी संग्रह ''विश्वास की धूप'' पर परिचर्चा का आयोजन किया जिसमें सुप्रसिद्ध आलोचक डॉ. दुर्गा प्रसाद अग्रवाल मुखी अतिथि और प्रतिष्ठित साहित्यकार नन्द भारद्वाज ने अध्यक्षता की । जामे माने कथाकार उपन्यासकर और संस्थान







के निदेशक प्रबोध कुमार गोविल ने संयोजन किया। कविता मुखर और नीरज रावत ने कार्यक्रम का संचालन किया। लेखक रेणु चंद्रा माथुर के कहानी संग्रह ''विश्वास की धूप'' पर परिचर्चा में उपस्थित अधिकांश लेखकों की सहभागिता रही। सुप्रसिद्ध आलोचक दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने बताया कि रेणु की कहानियों में भारतीय परंपरा ,और जीवन मूल्यों के दर्शन होते हैं । उनकी कहानियों में सरोकार तो हैं किन्तु विविधता का विस्तार करने और आज के यथार्थ और जटिलताओं को सामने लाने की जरूरत है । साहित्य की सार्थकता इसमें है कि वह पाठकों को समृद्ध करे राजस्थानी और हिंदी के प्रख्यात कवि कथाकार नन्द भारद्वाज ने कहा कि रचनाकारों को इक्कीसवीं सदी के प्रकाश में नए नजरिये से समय को रेखांकित करना होगा` रेणु की कहानियों में औपन्यासिकता के तत्व मौजूद हैं तो डॉ संजीव कुमार की कविताएं हमें आज के संदर्भ में नारी की शक्ति को समझने की प्रेरणा देती हैं। दूसरे सत्र में प्रो. नीरज रावत के संचालन में इंडिया नेटबुक्स के प्रकाशक और वरिष्ठ कवि डॉ संजीव कुमार के खंडकाव्य ''गांधारी'' का विमोचन हुआ ` प्रसिद्ध कथाकार रतन कुमार साम्भरिया ने समीक्षात्मक टिपण्णी की तो वरिष्ठ व्यंग्यकार कवि ×फारू×क आ×फरीदी ने कहा कि डॉ संजीव इतिहास के गहन अध्येता हैं और पौराणिक पात्रों की गहराई से पड़ताल कर उन्हें आत्मसात करते हैं उनकी कविताओं में गहराई है। इस अवसर पर बहुचर्चित कहानीकार प्रबोध कुमार गोविल का उपन्यास ''वंश'' का लोकार्पण हुआ तो उनकी रचनाओं पर विजय कुमार तिवारी की किताब ''समीक्षा के साए में'' का भी विमोचन किया गया` सस्थान की सदस्य निरुपमा चतुर्वेदी ने आभार व्यक्त किया।

## एफडीसीए एवं एपीसीआर ने संयुक्त रूप से किया जोधपुर के सूरसागर का दौरा

# घटना स्थल का लिया बारिकी जायजा, पीड़ित लोगों को न्याय कार्रवाई का दिलाया भरोसा

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)** पिछले दिनों राजस्थान के जोधपुर जिले सूरसागर थाना इलाके में दिनांक 21 जून 2024 शुक्रवार रात को 2 समुदाय के लोगों में धार्मिक जगह ईदगाह का गेट खोलने एवं बंद करने के मामले में विवाद हो गया था। मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों समुदाय के लोगों के साथ समझाईश की और दोनों समुदाय के लोग मान भी गए थे। लेकिन रात को फिर से आपस में भिड गए और उन्होंने एक दूसरे पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इस दौरान एक दुकान व ट्रैक्टर भी जला दिया। जब पुलिस उन्हें रोकने लिए वहां पहुंची तो उपद्रवियों ने उन पर भी हमला कर दिया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर बुलाकर हालात पर काबू पाया गया। साथ ही कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। हालांकि अभी भी पूरे इलाके मेंसांप्रदायिक तनाव बना हुआ है। जिस कारण चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस तैनात है।इन सभी हालातों को देखते हुए फोरम फॉर डेमोक्रेसी एण्ड क्म्यूनल एमिटी (एफडीसीए) एवं एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन एवं सिविल राइट्स (एपीसीआर) के सदस्यों ने संयुक्त रूप से जोधपुर के सूरसागर इलाके का 27 जून को दौरा किया। दौरे के दौरान वहां के इलाके के लोगों से मुलाकात कर सांम्प्रदायिक घटना की पूरी जानकारी ली तो वहां लोगों ने खासतौर पर महिलाओं ने बताया कि उनके साथ पुलिस का बर्ताव बरबरता पूर्वक रहा। एवं कई बेकसूर लोगों को परेशान करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही दौरे के दौरान यह बात भी निकल कर सामने आई की सूरसागर इलाके के घटना के उपरान्त बड़े बुजुर्गों ने अपने बच्चों को नहीं समझाया। इस मौके पर एफडीसीए एवं एपीसीआर के सदस्यों ने सभी लोगों से खासतौर पर इलाके के बुजुर्गों से आ''ान किया कि यहां एक सद्भाव कमेटी बनाई जाए। और कोई भी मामला होता है तो आपस में ही मिलकर उस मामले को दूर कर लिया जाए। ताकि आप लोगों को पुलिस प्रशासन की आवश्यकता ना पड़े।इस मौके पर उन्होंने वहां के कमिश्नर, डीसीपी, एवं थानाधिकारी से मुलाकात कर इलाके में हुए साम्प्रदायिक तनाव की जानकारी ली और कहा कि दोनों समुदाय के जो बेकसूर लोग हैं उन्हें जल्द से जल्द रिहा किया जाए। और जो लोग इस साम्प्रदायिक घटना के जिम्मेदार हैं उनकी निष्पक्ष जांच करते हुए उन पर उचित कार्यवाही की जाए। इस पर उन्होंने आश्वासन देते हुए निर्दोष लोगों नहीं पकड़ने की बात कही।इस मौके पर एफडीसीए के प्रदेषाध्यक्ष सवाई सिंह, उपाध्यक्ष सेवानिवृत जज टी.सी. राहुल एवं एपीसीआर राजस्थान के प्रदेषाध्यक्ष एडवोकेट सैयद सआदत अली, महासचिव एपीसीआर राजस्थान एवं एफडीसीए के मुजम्मिल रिजवी, सहित संगठन के अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## उदयपुर जिले की ऋषभदेव थाना पुलिस की कार्रवाई

- जल जीवन मिशन योजना के मजदूरों के साथ मारपीट एवं लूटपाट करने वाले पांच अभियुक्त गिरफ्तार
- पहाड़ी पर छुपे हुए बदमाशों को घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा




**चमकता राजस्थान। जयपुर/उदयपुर !(खलील कुरैशी) 28 जून।** ऋषभदेव थाना अंतर्गत बिलख गडावत क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना के मजदूरों पर रात के समय अचानक हमला कर लूटपाट करने वाले पांच बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी साहिल उर्फ सागर मीणा पुत्र लक्ष्मण, संजय मीणा पुत्र भगवान लाल, मनीष मीणा पुत्र गुंजारी लाल, अभिषेक मीणा पुत्र माणक लाल एवं अविनाश मीणा पुत्र राजकुमार स्थानीय युवक है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि पटना के संबंध में 10 जून को जल जीवन मिशन योजना के ठेकेदार चरण सिंह द्वारा रिपोर्ट दी गई थी रात करीब 3:30 बजे वह मजदूरों के साथ ग्राम पंचायत भवन गडावत की छत पर सो रहा था। तभी अचानक 10-15 लोग अपने मुंह पर कपड़ा बांधकर हाथों में तलवार लेकर आए और डरा धमका कर करीब 15 हजार रुपये, मशीनों का रखा डीजल, फ्यूजन मशीन और मोबाइल ले गए। जाते हुए नीचे खड़ी उनकी बोलेरो कैंपर गाड़ी के शीशे फोड़ कर भाग गए।एसपी गोयल ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल व सीओ राजीव राहर के सुपरविजन एवं एसएचओ ऋषभदेव घनश्याम सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि इस घटना के संदिग्ध कुछ युवक बिलख गडावत की पहाड़ियों पर बैठे हुए हैं।इस सूचना पर पुलिस टीम ने पहाड़ी की घेराबंदी कर पांच आरोपियों को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पुलिस अग्रिम पूछताछ कर शेष आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

## जिले के 5924 बूथों पर 5 लाख 40 हज़ार से अधिक नौनिहाल गटकेंगे दो बूंद ज़िन्दगी की

- आगामी 30 जून से आयोजित होगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम, 28 जून।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान आगामी 30 जून से आयोजित किया जाएगा। 30 जून को पोलियो दिवस पर नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को 5924 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद आगामी दिवसों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में जिले में नवजात से लेकर 05 वर्ष तक के 5 लाख 40 हज़ार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 30 जून को पोलियो दिवस पर 5924 बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद आगामी दिवसों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंगकीजायेगीआरसीएचओ जयपुर प्रथम कार्यवाहक डॉ. धर्मेंद्र कराड़िया ने बताया कि अभियान के आगामी तीन दिवसों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से गठित मोबाइल टीमें घर-घर जाकर खुराक से वचिंत नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलायेगी। अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु क्षेत्र में 737सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही 226 ट्रांजिक्ट टीमें और 540 मोबाईल टीमें कार्य करेंगी।




## संक्षिप्त समाचार

### आपसी समन्वय से लिया गया जनहितैषी फैसला

- मदनगंज चौराहा पर काम के लिये खड़े रहने वाले कारीगर, मजदूर व हेल्पर आदि अब मुर्दा गली हमीर तालाब की पाल पर उपलब्ध होंगे



**चमकता राजस्थान। मदनगंज (रघुनंदन पारीक)।** मदनगंज -किशनगढ़ ' पुराने स्टेशन परिसर में निर्माणाधीन अंडरपास से आवागमन की समुचित ट्रैफिक व्यवस्था के मध्य नजर मदनगंज चौराहे पर काम के लिए खड़े रहने वाले सभी ठेकेदार कारीगर,मजदूर व हेल्पर आदि बिल्डिग कामगार मजदूर अब मुर्दा गली हमीर तालाब की पाल पर उपलब्ध होंगे भारतीय बिल्डिग मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष कानाराम मालाकार ने बताया कि मदनगंज थाना अधिकारी शंभू सिंह तथा समाज सेवी महेंद्र पाटनी की उपस्थिति में सुरेश जाट,शिवजी राम धंधा, प्रहलाद मालाकार,तैयब हुसैन, विश्राम खटीक, सत्यनारायण कुमावत, सांवरिया कुमावत, राधेश्याम वैष्णव, भाग चंद जाट, सियाराम वैष्णव, मदनलाल कुमावत, शिवजी राम जाट, मोहनलाल कुमावत, शंकर लाल मेघवंशी, विकास शर्मा, पप्पू सिंह रावत,सतनारायण शर्मा, दीपक कुमावत तथा श्रवण जाट आदि मौके पर खड़े सभी कारीगरों व मजदूरों ने आपस मे चर्चा करके कल शनिवार से मुर्दा गली हमीर तालाब की पाल पर पहुँचने की घोषणा करते हुए ट्रेफिक की समुचित व्यवस्थार्थ थानाधिकारी शम्भू सिंह की अपील पर सहमति देकर प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया ज्ञातत्व है कि इससे पूर्व भी उपखंड अधिकारी अर्चना चौधरी व उप पुलिस अधीक्षक महिपाल सिंह के सानिध्य मे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व संबधित नेताओं के साथ आयोजित एक बैठक मे निर्णयानुसार मदनगंज चौराहे पर खड़े रहने वाले कारीगर मजदूरों को वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने हेतु पुलिस प्रशासन को मजदूर नेताओ से वार्ता कर शीघ्र ही नगर की मुख्य रोड व चौराहे की ट्रेफिक अव्यवस्था सुधारने को कहा गया था।

### विधानसभा सत्र को लेकर कलक्ट्रेट में कंट्रोल रूम की हुई स्थापना

**चमकता राजस्थान। जयपुर!( खलील कुरैशी) 28 जून।** सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के द्वितीय सत्र की बैठक 03 जुलाई 2024 से प्रारम्भ होने जा रही है। सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित एवं अतारांकित सहित अन्य प्रस्तावों के जवाब सही समय पर भिजवाने के लिए कलक्ट्रेट में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि कंट्रोल रूम कार्यदिवस के अतिरिक्त राजकीय अवकाश के दिनों में भी सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक दो पारियों में संचालित किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी तथा संस्थापन अधिकारी श्री विनोद शर्मा सह प्रभारी होंगे। नियंत्रण के मोबाइल नंबर- 9785273342 एवं ई-मेल आईडी.generalsectionjpr@gmail.com है। नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए 12 अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।नियंत्रण कक्ष को प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्न अथवा ध्यानाकर्षण, विशेष उल्लेख प्रस्ताव रजिस्टर में दर्ज कर तत्काल संबंधित शाखा में प्रेषित किया जाएगा। संबंधित शाखा प्रभारी द्वारा तत्काल जवाब प्रेषित कर नियंत्रण कक्ष प्रभारी को अवगत कराया जाएगा।

## एजुकेशन समिट 2024 में डायरेक्टर डॉ .संजय बियानी को मिला स्टार्ट-अप प्रशिक्षण और वैल्यू एजुकेशन की उत्कृष्टता के लिए पुरुस्कार

चमकता राजस्थान



**जयपुरः (खलील कुरैशी) 28 जून 2024।** फर्स्ट इंडिया न्यूज की ओर से एजुकेशन समिट का आयोजन होटल क्लार्क्स में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में डिप्टी सीएम, उच्च शिक्षा मंत्री प्रेम चंद बैरवा ,फर्स्ट इण्डिया न्यूज चैनल सीईओ और मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा, बियानी कॉलेज के डायरेक्टर डॉ संजय बियानी सहित कई नामचीन यूनिवर्सिटियों के शिक्षा विदों ने अलग -अलग सेशन में अपने विचार रखे। इस खास मौके पर डायरेक्टर डॉ .संजय बियानी को स्टार्ट-अप प्रशिक्षण और वैल्यू एजुकेशन की उत्कृष्टता के लिए पुरुस्कार दिया गया। इस मौके पर बियानी कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने अपने सम्बोधन में कहा की आप सभी ने यहां हमारे कॉलेज की टैग लाइन ₹ नौकरी लेना नहीं नौकरी देना ₹का जिक्र किया तो मैं आपको बता दूं कि यदि सभी युवा ऐसा सोचने लगे तो हमारा देश भी अमेरिका , जापान बन सकता है । क्योंकि ऐसा करने के लिए उन्हें संघर्ष करते हुए अपनी क्षमताओं को पहचानना होगा और वो स्टार्ट अप कर देश में बदलाव ला सकते है।मेरी कोशिश है की मैं हर एक विद्यार्थी के अंदर एक ऐसा जोश पैदा करू की वह संघर्ष से निखरकर स्टार्ट अप करना चाहे और बिना किसी गुलामी के अपना काम करें। इसी के साथ हर विद्यार्थी को वैल्यू एजुकेशन सीखा पाऊं इसके लिए मैंने साधारण भाषा में रामायण, गीता के साथ कई ऐसी किताबे लिखी जिससे बच्चे अपनी मिट्टी अपनी संस्कृति, सभ्यता से जुड़े रहे।

वहीं उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने अपने सम्बोधन में कहा आपके अनुभव और आपके प्रयास बता रहे थे बच्चे विदेश जा रहे हैं ,क्या हमारी देश की शिक्षा और जगहों से कमजोर है आप रिसर्च करने भेजिए पढ़ाई करने जाइए।लेकिन यहाँ रहकर काम कीजिए ,ताकि इस देश को योगदान दे सके ।ये निवेदन मेरा आप लोगों से है ,,,शिक्षा में व्यक्ति का जज्बा होता है ,,,,बच्चे को दिशा तब समझ आयेगी जब वह शिक्षा ग्रहण करेगा। बच्चे जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उनकी प्रतिभा संवारने का काम करना चाहिए एजुकेशन समिट में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स मौजूद रहे ।

## जयपुर ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने मानसून की तैयारियों को लेकर मुरलीपुरा एवं विद्याधर नगर जोन का किया दौरा

चमकता राजस्थान



**जयपुर !(खलील कुरैशी) 28 जून।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने शुक्रवार को मुरलीपुरा एवं विद्याधर नगर जोन का दौरा कर मानसून में आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियत्रंण कक्ष के संबंध में तैयारियों का जायजा लिया। आयुक्त ने विश्वकर्मा फायर स्टेशन पर जाकर उपस्थिति पंजिका देखी तथा हेल्पलाइन नंबर पर स्वयं ने कॉल करके भी बात की हेल्पलाईन नंबर चालू हालत में पाया गया। आयुक्त ने संबंधित अधिशाषी अभियन्ता को जिन नालों पर फेरो कवर नहीं पाये गये उन नालों को फेरो कवर से ढकने के निर्देश दिये। आयुक्त ने विश्वकर्मा फायर स्टेशन पर जाकर सभी आवशयक व्यवस्थायें जैसे मिट्टी के कट्टे, लोहे के सब्बल, मडपंप, गैंती मय हैंडल, फावड़ा मय हैंडल, परात, ट्रैक्टर मय ट्रोली, रैनकोट, बरसाती छाता, रस्सा, रिचार्जबल टॉर्च इत्यादि की व्यवस्था देखी। आयुक्त ने दौरे के दौरान सीएनडी वेस्ट हटवाने के निर्देश दिये साथ ही जिन खाली प्लाटों में कचरा डाला जा रहा है उससे संबंधित व्यक्तियों पर चालान के निर्देश दिये। जिन दुकानों के बाहर डस्टबिन नहीं पाये गये उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

## संकीर्ण जातिवादी मानसिकता वालो को रास नहीं आ रहा दलित डॉक्टर

# अराजक तत्वों ने डॉक्टर के सरकारी आवास में लगाई आग

चमकता राजस्थान



### लाखो का सामान जलकर हुआ खाक

डीग (राजवीर सिंह) आजादी के 75 वर्ष बाद भी नही निकला जातिवाद का दंश। ऐसा ही मामला डीग जिले के गोपालगढ़ का आया है।गोपालगढ़ सीएचसी में कार्यरत चिकित्सा प्रभारी डॉ सूरज जाटव के सरकारी आवास में कुछ संकीर्ण जातिवादी मानसिकता रखने वाले असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी।सरकारी आवास में रखा कीमती सामान जलकर राख हो गया। डॉ सूरज ने बताया कि में चिकित्सा प्रभारी अधिकारी के पद पर सीएचसी गोपालगढ़ में कार्यरत हूं में संस्थान के सरकारी आवास में निवास करता हूं पिछले एक माह से चिकित्सीय अवकास पर था दिनांक 24 जून 2024 को सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर अस्पताल आया एवं आवासीय निवास गया तो मैंने देखा सारा सामान महंगे कपड़े,टेबिल,कुर्सी ज्वैलरी,पंखा जरूरी कागजात करीब लाखों का सामान जलकर राख मिला एवं देखने पर पाया आवास के जंगले का शीशा व जाली टूटी हुई थी।इस घटना से काफी सामान का नुकसान हुआ है। इस मामले की एफआईआर गोपालगढ़ थाने में दर्ज करा दी गई है। डॉ सूरज ने बताया कि संकीर्ण जातिवादी मानसिकता रखने वाले कुछ असामाजिक तत्व मुझे पूर्व में कई बार जान से मारने की धमकी और जाति सूचक शब्दों से अपमानित कर चुके हैं।एवं यहां पर नौकरी करने पर सबक सिखाने की हिदायत दे चुके हैं। जिसकी एफआईआर पूर्व में दर्ज करा चुका हूं।लेकिन पुलिस प्रशासन ने आज तक उन दबंग प्रवृति के लोगों के साथ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की।जिससे उनके हौसले बुलंद हैं जिसकी वजह से मेरे सरकारी आवास में आगजनी कर ये दूसरा अंजाम दिया है।डॉ ने बताया कि समय रहते यदि पुलिस प्रशासन ऐसे असामाजिक तत्वों पर कोई कार्यवाही नहीं करती है तो मेरे साथ ये लोग कोई और भी हादसा कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदान दिवस पर रहेगा सवैतनिक अवकाश

- 30 जून को होंगे पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव
- निर्वाचन क्षेत्र के 5 कि.मी. परिधीय क्षेत्रों में रहेगा सूखा दिवस

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 28 जून।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार, 30 जून 2024 को जयपुर जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव होंगें। जिला निर्वाचन अधिकारी, जयपुर ग्रामीण प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी करपंचायतीराज संस्थाओं के उप चुनाव के लिये मतदान दिवस को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में पराक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 के तहत मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

आदेश के तहत जयपुर जिला ग्रामीण की पंचायत समिति शाहपुरा के पंचायत समिति सदस्य वार्ड संख्या 09, ग्राम पंचायत घासीपुरा के वार्डपंच वार्ड संख्या 02, पंचायत समिति गोविन्दगढ़ की ग्राम पंचायत खेजरोली एवं ईटावा भोपजी के संरपंच, पंचायत समिति आमेर की ग्राम पंचायत छापराड़ी के सरपंच के मतदान दिवस 30 जून, 2024 को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में एवं संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित औद्योगिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कामगारों (आकस्मिक कामगारों सहित) को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश देय होगा।पंचायत समिति शाहपुरा के पंचायत समिति सदस्य वार्ड संख्या 09 की 5 किलोमीटर परिधीय क्षेत्रों में दिनांक 28 जून 2024 को सायं 5 बजे से 30 जून 2024 सायं 5 बजे तक एवं अन्य निर्वाचन क्षेत्रों की की 5 किलोमीटर परिधीय क्षेत्रों में दिनांक 28 जून 2024 को सायं 5 बजे से 30 जून को मतगणना समाप्ति तक सूखा दिवस घोषित किया गया है।

### कलक्ट्रेट में आयोजित होगा 18 वां जिला स्तरीय सांख्यिकी दिवस समारोह

- 'यूज ऑफ डेटा फॉर डिसिजन मेकिंग' थीम पर आयोजित होगी कार्यशाला

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 28 जून।** विश्व विख्यात आर्थिक नियोजक एवं सांख्यिकीविद प्रो. पी. सी. महालनोबीस के जन्म दिवस के मौके पर 18 वां जिला स्तरीय सांख्यिकी दिवस समारोह 29 जून शनिवार को मनाया जाएगा।आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सयुंक्त निदेशक श्री हीरालाल जाटव ने बताया कि जिला कलक्ट्रेट सभागार में सांख्यिकी दिवस के मौके पर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में कार्यरत एवं सेवानिवृत अधिकारी-कार्मिक की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जायेगी। कार्यशाला का विषय यूज ऑ×फ डेटा फॉर डिसीजन मेकिंग रखा गया है। कार्यशाला में विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा।

### 'चूरू में परिवहन निरीक्षक के साथ मारपीट का मामला'

- उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा के साथ राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ की हुई सकारात्मक वार्ता,
- अभियुक्तों को जल्द गिरफ्तार करने का मिला आश्वासन

**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)** 19 जून 2024 को चूरु में परिवहन निरीक्षक सुरेश बिश्नोई के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं करने के विरोध में राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ द्वारा 27 जून दोपहर बाद से कार्य बहिष्कार शुरू किया था।गुरूवार को उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा के साथ हुई सकारात्मक वार्ता के बाद तुरंत प्रभाव इस कार्य बहिष्कार को प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों से चर्चा कर सहमती जताये जाने के बाद स्थगित कर दिया है। तुरंत प्रभाव से सभी निरीक्षक अपने अपने काम पर लोट जाएंगे।वार्ता में उप मुख्यमंत्री ने अभियुक्तों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है और परिवहन निरीक्षक सुरेश विष्णोई को उसकी इच्छानुसार पदस्थापित करने का वादा किया है। संघ ने यह निर्णय किया है सोमवार तक अपराधी गिरफ्तार नहीं होते है तो मंगलवार से पुनः कार्य बहिष्कार शुरू किया जाएगा। इस कार्य बहिष्कार में परिवहन विभाग राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने निरीक्षकों के साथ कार्य बहिष्कार किया था,अध्यक्ष कपिल चौधरी, राजस्थान सूचना सहायक संघ ने तथा राजस्थान परिवहन सेवा परिषद ने नैतिक समर्थन देते हुए काली पट्टी बांध कर विरोध जताया था।

### छात्र संगठनों के जागरूक नेताओं के संघर्ष से विकास को मिला न्याय

- स्विमिंग पूल में डूबने से हुई थी मौत, यूनिवर्सिटी प्रशासन देगा 30 लाख मुआवजा



**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)** राजस्थान विश्वविद्यालय के स्विमिंग पूल में डूबने से छात्र विकास यादव की मौत हो गई थी। घटना के बाद छात्र नेताओं ने आरयू प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। दो दिन के संघर्ष के विश्वविद्यालय ने गलती स्वीकार की और छात्र की मौत के कारणों की जांच के लिए जांच शुरू की। साथ ही तीस लाख रुपए का मुआवजा राशि को मंजूरी दी। कांग्रेस नेता सुरेश कुमार यादव ने बताया कि नीमकाथाना निवासी विकास यादव राजस्थान विश्वविद्यालय के अंबेडकर हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। गुरुवार शाम को करीब 5 बजे वह राजस्थान विश्वविद्यालय के स्विमिंग पूल में स्विमिंग करने के लिए गया था। स्विमिंग करते समय उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और स्विमिंग पूल में डूब गया। छात्र को सवाईमानसिंह अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना में यूनिवर्सिटी की लापरवाही सामने आई, जिसके बाद विकास को न्याय दिलाने के विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को आरयू प्रशासन ने छात्र नेताओं की मांगों को स्वीकार किया और तीस का मुआवजा सहित अन्य सहायता।

किसानों ने खेतों की ओर किया रुख बिजाई का काम हुआ शुरू

# उदयपुरवाटी में दूसरे दिन भी हुई जोरदार बरसात

## छापोली में न्यू बस स्टैंड पर अवरुद्ध बरसाती नाले को खुलवाने के लिए तहसीलदार को दिया ज्ञापन

### छापोली में न्यू बस स्टैंड के पास नाला अवरुद्ध होने से बरसात का पानी घुसा निजी स्कूलों में



चमकता राजस्थान

उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव)। कस्बे सहित आसपास के गांवों में शुक्रवार को दूसरे दिन भी मानसून की जोरदार बरसात देखने को मिली ' बरसात से आसपास के गांव में जगह-जगह पानी भरने के भी समाचार प्राप्त हुए हैं ' लोग कई दिनों से गर्मी के कारण काफी परेशान थे लेकिन बरसात के कारण लोगों ने गर्मी से काफी राहत महसूस की है ' बरसात के कारण किसानों के चेहरे भी काफी खिले-खिले नजर आने लगे हैं ' पोसाना के किसान अंकेश खैरवा ने बताया कि बरसात के कारण अब खेतों में बिजाई का काम शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा ' किसान अंकेश खैरवा के अनुसार पोसाना गांव में भी अच्छी बरसात हुई है ' शुक्रवार को भी उदयपुरवाटी कस्बे में जोरदार बरसात हुई जिसके कारण जगह-जगह पानी भर गया ' छापोली में भी शुक्रवार को बरसात होने के समाचार प्राप्त हुए हैं ' छापोली नए बस स्टैंड के पास स्थित आदर्श विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में बरसात का पानी घुस जाने के कारण विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ा ' छापोली न्यू बस स्टैंड के पास नाला अवरुद्ध होने के कारण ही बरसात का पानी स्कूल में घुसा यह कहना है आदर्श विद्या मंदिर छापोली के डायरेक्टर बद्री प्रसाद सैनी का आदर्श विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल छापोली के डायरेक्टर बद्री प्रसाद सैनी ने हमारे उदयपुरवाटी संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि बरसात का पानी स्कूल में घुस जाने के कारण विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ा ' बरसाती नाला खुलवाने के लिए आदर्श विद्या मंदिर छापोली के डायरेक्टर बद्री प्रसाद सैनी ने उदयपुरवाटी तहसीलदार एवं वीडियो को ज्ञापन देकर अवगत करवाया है ' किसान सुनील कुमार सैनी उर्फ़ सोनू सर ने भी जानकारी देते हुए बताया कि अच्छी बरसात के बाद अब खेतों में शीघ्र ही बिजाई का काम शुरू कर दिया जाएगा '।

### बाड़ी क्षेत्र में दो दिन से हो रही है प्री मानसून की बारिश

#### बारिश ने उपखंड के विभिन्न विभागों की खोली पोल

चमकता राजस्थान



धौलपुर( रामदास तरुण) बाड़ी उपखण्ड में 2 दिन से हो रही प्री मानसून की बारिश ने उपखंड के विभिन्न विभागों की खोली पोल,नगरपालिका, विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी समेत अन्य जिम्मेदार विभागो की कार्यशैली सवालों के घेरे में, जैसे शहर के मुख्य रास्तों और सड़को में जलभराव, कीचड़ और गंदगी से अटी गलियां, टूटे और खुले नाले खोल रहे! नगरपालिका की पोल, वही मेंटीनेंस के नाम पर जुगाड़ू पद्धति से बार बार ट्रिपिंग कर घंटो तक गुल रहने वाली लाइट लोगो को उमस भरी गर्मी में कर रही बदहाल, वही पेयजल पाइप लाइन और सीवर लाइन के नाम पर खोदी सड़क के पेचवर्क की खोली बारिश ने पोल,थोड़ी सी बारिश ने धोया, सड़क मेंटीनेंस के गुणवत्ताहीन कार्य को, इन्ही गड्ढे में फंसी आज एक बस हादसा होने से बालझबाल बच्चा!गुणवत्ताओ की जांच के लिए लगाए तकनीकी अधिकारी ऑफिस में बैठकर देते है! क्लीन चिट, वीसी द्वारा उच्चाधिकारियों के बार बार निर्देश के बावजूद प्रशासन नहीं देता इन विभागो पर कोई ध्यान, लोग भुगत रहे इन विभागो के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की सख्त जरूरत है!

### फर्जी महिला एसआई मोना बुगालिया के घर मिले 7 लाख रुपए

#### पुलिस की 3 वर्दी और इंटरनल एग्जाम के पेपर भी बरामद





चमकता राजस्थान


- फर्जी एसआई ने राजस्थान पुलिस अकादमी में ली है ट्रेनिंग

जयपुर (खलील कुरैशी) राजस्थान पुलिस अकादमी में फर्जी सब इंस्पेक्टर बनकर ट्रेनिंग करने वाली मोना के घर पर गुरुवार देर रात शास्त्री नगर थाना पुलिस ने सर्च किया। इस दौरान मोना के घर से पुलिस की कई वर्दियां, इंटरनल एग्जाम के पेपर और 7 लाख रुपए समेत अन्य सामान मिला है।डीसीपी (नॉर्थ) राशि डूडी डोगरा ने बताया कि नागौर जिले के निम्बा के बास की रहने वाली मोना बुगालिया उर्फ मूली के खिलाफ कार्रवाई की गई है। युवती ने फर्जी सब इंस्पेक्टर बनकर आरपीए में ट्रेनिंग की थी। इसका खुलासा होने के बाद से वह फरार चल रही है। डोगरा ने बताया कोर्ट की ओर से गुरुवार देर शाम सर्च वारंट मिला। इसके बाद रात 9 बजे शास्त्री नगर के मेजर शैतान सिंह कॉलोनी स्थित मोना के किराए के कमरे पर सर्च किया गया। तलाशी में कमरे में 7 लाख रुपए, तीन वर्दी, आरपीए के इंटरनल एग्जाम के पेपर और अन्य डॉक्युमेंट मिले। पुलिस टीम ने सर्च में मिली सभी चीजों को जब्त कर किया है।वर्दी में आरपीए कैंपस में ही रहती 29 सितंबर 2023 को आरपीए के आरआई रमेश चंद ने मूली उर्फ मोना के खिलाफ शास्त्री नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। मोना फर्जीवाड़े में आरपीए में ट्रेनिंग ली सब-इंस्पेक्टर भर्ती में नहीं हुआ था चयन मोना बुगालिया सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही थी। मोना के पिता खेती करते थे और बाद में ट्रक ड्राइवर बन गए थे। सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में मोना का चयन नहीं हो पाया था। तीन साल पहले जब अंतिम रिजल्ट आया तो मोना ने सोशल मीडिया पर खुद के सब-इंस्पेक्टर में चयनित होने की खबर फैलाई थी। रिश्तेदारों और गांव के लोगों ने सिलेक्शन पर बधाई दी थी। मोना हर किसी को अपने संघर्ष की कहानी बताने लगी कि कैसे परिवार की आर्थिक हालात कमजोर होने के बावजूद उसने संघर्ष से मुकाम हासिल किया था।खुद को आईबी की सब-इंस्पेक्टर भी बताती थी मोना बुगालिया को पता लग गया था कि आरपीए में कई बैच के सब-इंस्पेक्टर ट्रेनिंग कर रहे थे। वो इस कन्फयूजन का फायदा उठाने लग गई। आरपीए में आईबी के कैंडिडेट्स भी ट्रेनिंग करने आते थे। एक बार ट्रेनिंग कर रहे एसआई ने मोना से पूछा कि तुम कौनसे बैच से हो। मोना को पता था कि उस कैंडिडेट की बैच 48 में भी जान-पहचान है। ऐसे में उसने खुद को आईबी की कैंडिडेट बताया था। मोना आरपीए ट्रेनिंग सेंटर में अलग-अलग बैच के कैंडिडेट्स के ट्रेनिंग करने के कन्फ्यूजन का फायदा उठाकर ट्रेनिंग करती रही थी। जो वर्दी में ज्यादातर समय आरपीए कैंपस में रहती थी। ट्रेनिंग करने वाले थानेदारों को वो पिछले बैच की अभ्यर्थी बताकर ट्रेनिंग कर रही थी।

### कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर में हुई सुलह

- मदन दिलावर ने नए आदेश में लिखा : हमें कोई आपत्ति नहीं
- इंजीनियरों के ट्रांसफर को गलत बताकर ज्वाइनिंग से रोकने का मामला





चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)जयपुर कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की मंजूरी के बाद किए गए तबादलों को रोकने के आदेश से अब पंचायतीराज विभाग ने यू-टर्न ले लिया है। पहले कृषि विभाग से जिला परिषदों और पंचायत समितियों में इंजीनियरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को गलत बताने के आदेश को अब पंचायतीराज विभाग ने सही ठहरा दिया है। पंचायतीराज आयुक्त ने दूसरा आदेश निकालकर कृषि विभाग के इंजीनियरों के तबादलों को सही ठहराया है। ऐसे में माना जा रहा है कि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के सामने मंत्री मदन दिलावर बैकफुट पर आ गए। 25 जून को जारी आदेश को 27 की देर शाम पलटा पंचायती राज आयुक्त रवि जैन ने अब सभी जिला परिषदों को नया लेटर जारी कर 25 जून को जारी आदेश को 27 जून को देर शाम बदल दिया है। नए आदेश में तर्क दिया है कि पहले वाले तबादलों पर आपत्ति नहीं है। लेटर में लिखा है कि विभागीय पदों का मतलब ग्रामीण विकास पंचायतीराज कैडर के लिए जिला परिषदों और पंचायत समितियों में असिस्टेंट इंजीनियर (एईएन) और एक्जीक्यूटिव इंजीनियर (एक्सईएन) से है। जलग्रहण विकास और भू-संरक्षण ज्वाइन नहीं कराने के लिए लिखा था पंचायतीराज आयुक्त रवि जैन ने 25 जून को जिला परिषदों के सीईओ को लेटर जारी किया था, जिसमें लिखा था कि कृषि विभाग ने उनके विभाग के इंजीनियरों के ट्रांसफर-पोस्टिग बिना पंचायतीराज विभाग की मंजूरी से जिला परिषदों, पंचायत समितियों में किया है। कृषि विभाग के इंजीनियरों के तबादले बिना पंचायती विभाग की अनुमति से करना उचित नहीं है। कृषि विभाग पंचायती राज विभाग के पदों पर पोस्टिंग करने के लिए सक्षम प्राधिकारी नहीं है। आदेश में लिखा था कि कृषि विभाग ने ग्रामीण विकास के पदों पर जिन्हें पोस्टिंग दी है, उन्हें ज्वाइन नहीं करवाया जाए और जिन्होंने ज्वाइन कर लिया है उन्हें तत्काल रिलीव कर मूल विभाग भेज दिया जाए। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी विवाद के बाद अब डैमेज कंट्रोल, इसीलिए बदला आदेश विभाग के इंजीनियरिंग कैडर के स्वीकृत पदों पर पोस्टिग किए जाने की स्थिति में ज्वाइनिंग करवाने पर इस विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। सभी जिला परिषदों को अब यह ताजा आदेश भेजकर स्पष्टीकरण दिया हैपंचायतीराज आयुक्त के आदेशों के बाद विवाद गहराने के संकेत मिल रहे थे। कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने इस पर आपत्ति जताई थी। सियासी हलकों में भी यह विवाद चर्चा का विषय बन गया था। विवाद बढ़ने का नरेटिव बनते देख सरकार ने डैमेज कंट्रोल किया। पुराने आदेश को बदल कर हालात सामान्य बनाने का प्रयास किया गया है। यह विवाद ऐसे समय पर उठा है जब विधानसभा का सत्र शुरू होने में केवल 5 दिन बचे हैं। विपक्ष मंत्रियों के बीच टकराव का मुद्दा जरूर उठाएगा, इससे बचने के लिए सुलह का रास्ता अपनाया गया है।

# लेबर एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सोसाइटी शिक्षा केंद्र द्वारा "स्कूल चले हम" अभियान की शुरुआत

चमकता राजस्थान

जयपुर। लेबर एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सोसाइटी शिक्षा केंद्र द्वारा वार्ड नंबर 5,6,7,16 एवं 23 शास्त्री नगर में स्कूल चले हम अभियान की शुरुआत की गई विगत 10 सालों से संस्था द्वारा लगभग 4000 बच्चों को स्कूलों में दाखिले का कार्य किया जा रहा है ,वंचित समाज, अल्पसंख्यक समाज और मजदूर वर्ग के जो बच्चे शिक्षा से रह गए हैं इन सभी बच्चों को सरकारी और प्राइवेट स्कूल में निशुल्क शिक्षा का अधिकार 2009 कानून के तहत 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा मिले इसी कड़ी का शुभारंभ वार्ड नंबर 6 के पार्षद अब्दुल वाहिद द्वारा किया गया ,संस्था के अध्यक्ष हेमलता कसोटिया ने बताया कि संस्था ने हर वार्ड में सेंटर डाल रखे हैं सेंटर इंचार्ज द्वारा सभी बच्चों को शिक्षा अभियान से जोड़ा जाता है !शबाना ,शबनम बेगम ,आमना, असमिया, सिमरन, उर्मिला,मुकेश शर्मा और जितेन्द्र मंडावरा आदि के द्वारा लगभग सभी बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिले में मदद की जाएगी ,यह अभियान 30 जुलाई तक चलेगा।



# बजट पेश करने से पहले राज्य कर्मचारीयों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सौगात

## सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 9 फीसदी बढ़ाया

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** भजनलाल सरकार ने अपना पहला पूर्ण बजट पेश करने से पहले राज्य कर्मचारियों को बढ़ा तोहफा दिया। शुक्रवार को छठे वेतन आयोग के तहत आने वाले कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 9 फीसदी बढ़ा दिया गया है।इस संबंध में नोटिफिकेशन भी जारी हो गया, जिसमें महंगाई भत्ता 230 फीसदी से बढ़कर 239 फीसदी करने का ऐलान किया गया है। यह बदलाव 1 जनवरी 2024 से लागू माना जाएगा। ऐसे में 1 जनवरी से लेकर 29 फरवरी की अवधि के लिए महंगाई भत्ते में वृद्धि की राशि राजस्थान सरकारी सेवक सामान्य भविष्य निधि नियम, 2021 के प्रावधानों के अनुसार जीपीएफ खाते में जमा की जाएगी। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद राजस्थान सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) नौ फीसदी बढ़ा दिया है। 5 और 6 वें वेतनमान का चयन करने वाले कर्मियों का डीए १% बढ़ा है। प्री रिवाइज वेतनमान वाले कर्मियों और पेंशनर्स का भी डीए बढ़ाया गया है। जो कर्मचारी 5वें वेतनमान 1 जनवरी 2024 से लागू माना जाएगा बदलाव के तहत प्री रिवाइज पे स्केल ले रहे थे। उन्हें भी बढ़े डीए का तोहफा मिला है। प्रोविजनल पेंशनर्स को भी बढ़े डीए का तोहफा मिला है। 1 जनवरी 2024 से इस वर्ग के कर्मियों पेंशनर्स का डीए 230 % से 239% हुआ है। जिसके वित्त विभाग ने आदेश जारी किए हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने देश में तीन नए आपराधिक कानून को लेकर क्या बोलेकेंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने देश में तीन नए आपराधिक कानून को लेकर क्या बोले इससे पहले सीएम भजनलाल शर्मा ने लोकसभा चुनाव से पहले भी प्रदेश भर के सरकारी कर्मचारियों का 4 फीसदी डीए बढ़ाया था। जो बढ़कर 50 फीसदी हो जाएगा था और अब 9 फीसदी बढ़ाने के बाद यह 59 फीसदी हो गया है। इस आदेश के आने के बाद राजस्थान के करीब आठ लाख कर्मचारियों और चार लाख पेंशनर्स को इसका लाभ मिलेगा। इसके साथ ही नकद भुगतान 01 मार्च से स्वीकार्य होगा अर्थात मार्च, 2024 माह का वेतन 1 अप्रैल 2024 को देय होगा।




## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने प्रतापनगर थाने में करी जनसुनवाई

- किया विभिन्न मामलों का मौके पर ही निस्तारण



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजस्थान पुलिस के आदर्श वाक्य ₹आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय₹ को कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ शुक्रवार को प्रतापनगर थाने में जन सुनवाई की। थाने पर बड़ी संख्या में परिवादी पहुंचे। कमिश्नर ने कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। कमिश्नर जोसफ ने बेवजह मामलों को अटकाने को लेकर थानाधिकारी को फटकार लगाई।जनसुनवाई के दौरान जयपुर पुलिस एडिशनल कमिश्नर कैलाश चंद्र विश्नोई, जिले के डीसीपी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में वृत क्षेत्र सांगानेर जयपुर (पूर्व) के बड़ी संख्या में परिवादी पहुंचे।गौरतलब है कि इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर द्वारा शिप्रा पथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम) एवं चौमू (जयपुर पश्चिम) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

### संयुक्त फुटवियर समिति राजस्थान ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से करी भेंटवार्ता

- फुटवियर पर जीएसटी कम करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** फुटवियर पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने की मांग को लेकर शुक्रवार को सचिवालय में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी को संयुक्त फुटवियर संघर्ष समिति (राजस्थान) के शिष्टमंडल ने ज्ञापन सौंपा। समिति के संयोजक नानकराम थावानी ने बताया कि ज्ञापन सौंपने से पहले फुटवियर होलसेलर विकास समिति कार्यालय पर शिष्टमंडल ने एक सभा आयोजित की। इस सभा में राजस्थान फुटवियर मैन्युफैक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष शिखरचंद बैराठी, राजस्थान फुटवियर होलसेलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक रोचवानी, फुटवियर प्रिंट उद्योग मंच के अध्यक्ष मदन कशयप, समिति के अध्यक्ष राजकुमार आसवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार आत्मा सिंह, सचिव जगदीश गोहराणी, कोषाध्यक्ष नरेश लालवानी के साथ ही फुटवियर होलसेलर विकास समिति जयपुर, हस्तनिर्मित फुटवियर संघ, फुटवियर रिटेलर समिति, थड़ी ठेला फुटपाथ फुटवियर मंच, थोक खुदरा विक्रेता, फुटवियर उद्योग कोमैटेरियल सप्लायर, डिब्बा कार्टून व्यापार करने वाले संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### गोविंद देव जी मंदिर में नानी बाई मायरा कथा का शुभारंभ

- प्रसिद्ध आध्यात्मिक प्रवचन वक्ता जया किशोरी ने बिखेरी अध्यात्म की रसगंगा, मंत्रमुग्ध हुए भक्तगण



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** गोविंद बोलोहरि गोपाल बोलो श्री राधा रमण हरि गोविंद बोलो की सु मधुर स्वर लहरियों के साथ जयपुर के आराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर में नानी बाई के मायरे की कथा का शुभारंभ हुआ । आध्यात्मिक प्रवक्ता जया किशोरी अपनी ओजस्वी वाणी से भक्तों को कथा का रसास्वाद करवा रही है कथा के प्रसंग में आज भक्त नरसी की लीलाओं के ऊपर प्रवचन हुए। नरसी जन्म से सुन और बोल नहीं सकते थे जया किशोरी ने अपने आज के प्रसंग में समाज संस्कृति और सनातन को जीवित रखने के लिए युवा पीढ़ी को ईश्वर मार्ग पर चलना होगा आज की युवा पीढ़ी ईश्वर को भूलती जा रही है इसलिए बच्चों को ऐसे धार्मिक आयोजन में साथ लावे जिससे युवा पीढ़ी संस्कारवान बने । कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रही। कथा सुनने के लिए सत्संग भवन मंदिर प्रांगण खचाखच भर गया भीड़ अत्यधिक होने की वजह से श्रद्धालुओं ने खड़े-खड़े ही कथा श्रवण कि। कथा के अंदर बड़ी संख्या में संत महंतों ने शिरकत की। कथा वाचक जया किशोरी ने अपने चिर परिचित अंदाज में मारवाड़ी भाषा में भक्तों को कथा श्रवण कराई । श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति एवं छोटी काशी परिवार संस्था जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में दोनों संस्थाओं के पदाधिकारी सत्यनारायण गुप्ता, ललित खंडेलवाल मदनलाल सराफ रामबाबू कायथ वाल, अखिलेश अत्री, शंकर झालानी कैलाश बढ़ाया, शीला सराफ और रमेश चंद घीया ने व्यास पीठ की पूजा अर्चना की व्यास पीठ पर विराजे लड्डू गोपाल की झांकी भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही। भक्तों की अपार भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रांगण के बाहर दोनों ओर दो गुना पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। कथा श्रवण करने के लिए जिले और अन्य प्रदेशों से भक्त कथा सुनने के लिए शिरकत कर रहे हैं। आराध्य देव गोविंद देव मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के कृपा सानिध्य में कथा आयोजित की जा रही है।

# शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने की जनसुनवाई, जनसुनवाई में कुल 174 प्रकरण प्राप्त हुए

## प्रकरणों के संबंध में दिए अतिआवश्यक दिशा-निर्देश

- जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले परिवादों का संबंधित विभाग समय पर निस्तारण करें : शिक्षा मंत्री

चमकता राजस्थान




जयपुर/कोटा (खलील कुरैशी) । शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद नगर स्थित मां भारती विद्यालय में समस्या समाधान शिविर के अंतर्गत जनसुनवाई की जिसमें 174 प्रकरण प्राप्त हुए। शिक्षा मंत्री ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से प्राप्त शिकायतों का संवेदनशीलता से परिवादों का समय पर निस्तारण करें। जनसुनवाई स्थल पर ही सभी विभागों के स्टॉल लगाकर शिकायतों का पंजीयन किया गया।शिक्षा मंत्री ने एक-एक परियोजना पर परिवादी को बुलाकर एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को बुलाकर दोनों की बात बड़ी ही तालीनता से सुनी। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी माह में की जाने वाली जनसुनवाई में सभी विभाग अपने-अपने विभागों की योजनाओं, उनकी पात्रता एवं किस प्रकार जिला प्रशासन, कोटाइसे आवेदन किया जाए इसकी जानकारी पर आधारित फ्लेक्स एवं पब्लिक पंपलेट का भी वितरण करना सुनिश्चित करें जिससे पात्र नागरिक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकें।शिक्षा मंत्री ने कोटा विकास प्राधिकरण की उप सचिव को निर्देश दिए कि घुमंतू बीपीएल परिवार के नागरिक जिनके पक्के घर या छत नहीं है उनका सर्वे विभिन्न योजनाओं में पुनर्वासित भी अनिवार्य रूप से किया जाए।उन्होंने नगर विकास न्यास के खाली पड़े भूखंडों में कचरा एवं गंदा पानी भर जाने की शिकायत प्राप्त होने पर नगर विकास न्यास के अधिकारियों को तीन दिवस में सफाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में खाद्य विभाग, पीएचईडी, जेवीवीएनएल केडीईएल, रोडवेज, चिकित्सा स्वास्थ्य, जिला उद्योग केंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# शिक्षा ही मानव जीवन को संवारने व सतत विकास का मुख्य संसाधन हैं : जलदाय मंत्री चौधरी

चमकता राजस्थान



मालपुरा (नि.स.)।प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षेत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने कहा है कि शिक्षा का मन्दिर वह स्थान है जिसमें प्रवेश लेकर इंसान अपने जीवन को संवार सकता है और विकास की राह पर आगे बढ़ा सकता है।जलदाय मंत्री चौधरी बीति देर रात्रि मालपुरा शहर के जयपुर रोड पर नए खुले द रेडवूड ग्लोबर स्कूल का फीता काटकर शुभारम्भ करने के बाद आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। अपने सम्बोधन में चौधरी ने कहा कि ईश्वर के मन्दिर के बाद शिक्षा मन्दिर का स्थान आता है। जिस पर भगवान का मन्दिर पवित्र एवं आत्मशुद्धि का स्थान होता है ठीक उसी तरह भगवान के मन्दिर के बाद शिक्षा का मन्दिर महान पुण्य का स्थान माना जाता है।

इसका मुख्य कारण यह है कि शिक्षा के मन्दिर में प्रवेश लेकर इंसान जहां एक ओर अपने जीवन को संवार सकता है।साथ अपने जीवन को विकास के पथ पर आगे बढ़ा सकता है। इस मौके पर चौधरी ने स्कूल संचालको से आव्हान करते हुए कहा कि स्कूल में आने वाले बच्चो को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर अपने नैतिक दायित्व को ईमानदारी के साथ पूर्ण करे। चौधरी ने कहा कि माता पिता के बाद बच्चे का गुरू ही भगवान होता है। माता पिता व गुरू मिलकर बच्चे को संस्कारवान बनाने के साथ साथ श्रेष्ठ इंसान बनाने में सहयोगी होते हैं। संचालक केशव पारीक व लवकुश सैनी ने मुख्य अतिथि

सहित सम्मानीय अतिथि के रूप में मौजुद भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, नगरपालिका मालपुरा के पूर्व उपाध्यक्ष पुरूषोतम सैनी का अभिनन्दन किया। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री चौधरी ने स्कूल का विधिवत रूप से फीता काटकर शुभारम्भ किया।

### सवाई माधोपुर के सूरवाल कस्बे में सादगी और सुन्नती तरीके से अदा की गयी शादी

- निकाह में आसानी का दिया सकारात्मक संदेश
- चारों तरफ हो रही हैं सराहना




**चमकता राजस्थान। जयपुर ( खलील कुरैशी)** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के सूरवाल कस्बे में सादगी और सुन्नती तरीके से शादी की अदायगी की गयी गौरतलब है वर्तमान में शादी के नाम पर रस्मों रिवाज़ के नाम पर लाखों रुपयों की बर्बादी कर दी जाती हैं इसी बीच एक शादी ऐसी भी जिसमें न कोई बारात, न दहेज़ और न ही लड़की वालों की तरफ से खाना किया गया सूरवाल निवासी ज़ाफिर अली ओगवान के बेटे मोहम्मद सैफ का निकाह मोहम्मद अंसार ओगवान कि बेटी अजरा तबस्सुम से 27 जून 2024 को जोहर की नमाज़ के बाद मस्ज़िद इशाअत-ए-इस्लाम, सूरवाल में हुआ। लड़का और लड़की पक्ष वाले दोनों का ही मानन है की इस्लाम में नि×काह को आसान बताया गया जिसे जनता ने ×खुद दहेज और बारात व दूसरी रस्मों की वजह से कठिन बना लिया है।लड़का और लड़की पक्ष वाले दोनों की तरफ से इस बात पर सहमति बनी की हमें निकाह को आसान इस्लामिक तरीके पर करना है। जिससे समाज में बरसों से चली आ रही कुरीतियों को खत्म किया जा सके। आपको बता दें कि मोहम्मद अंसार साहब जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द के रुक्न हैं जो कि 2022 में अपने बेटे मोहम्मद वासिफ (रक्ढ मेम्बर) का निकाह भी बगैर किसी बारात व दहेज़ के कर चुके हैं निकाह से पहले मौलाना सर×फराज़ फलाही साहब ने नि×काह के कार्यक्रम में मौजूद पुरुष व महिलाओं को नि×काह का सुन्नति तरीका बताया और समाज में फैली हुई करूतियों के खिलाफ खड़े होने का आ''ान किया। शहरे काज़ी निसरुल्लाह साहब के बेटे काज़ी मोहम्मद शादाब ने नि×काह पढ़ाया, जिसके बाद दूल्हे पक्ष वालों की तर×फ सभी लोगों को छुआरे त×कसीम किये गए।नि×काह में दुल्हन को मैहर के तौर पर 26400 के गहने दिए गए। इस मुबारक मौके पर लड़की के भाई तौसीफ अहमद ने बताया कि निकाह के समय मोहम्मद दाऊद खां, आज़म अली, ज़ुबैर अहमद, अब्दुर्रज़्ज़ाक ओगवान, उस्मान शैख, असलम मास्टर, मोहम्मद आकिब, मोहम्मद अली शैख, आरिफ अली, फरियाद ओगवान, मोहम्मद आसिफ, फरीद डायमंड, मोहम्मद उज़ैर, अब्दुल बारी, जमील अहमद, नफीस डायमंड, रियाज़ अहमद, अल्लानूर खां और मोअजिज़्ज़ मर्दो-ख्वातीन मौजूद थे।

# निम्स विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर अमेरिका सिंह की 6 दिवसीय वेस्ट अफ्रीका यात्रा

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक निति के सफल क्रियान्वयन पर हुई मुखर रूप से परिचर्चा

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** निम्स विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर प्रो. अमेरिका सिंह नें वेस्ट अफ्रीका के बेनिन और टोगो शहर में दिनांक 23 से 28 तक आयोजित हुई 6 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बैठक में अपनी सहभागिता निभाई। वैश्विक शिक्षा समुदाय को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि मंडल व शिक्षाजगत के दिग्गजो ने प्रतिभागी निभाई। मार्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक सहयोग और सांझेदारी, द्विपक्षीय संबंधो को मजबूत करना, उच्च शिक्षा में निवेश को बढ़ावा देना, अंतराष्ट्रीय शैक्षिक नीतियो का सफल क्रियान्वयन सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रो. सिंह नें बेनिन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और बेनिन में भारतीय उच्चायोग, सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी में स्थानीय उद्यमियों और उद्योग जगत के नेताओं के साथ बेनिन- भारत व्यापार मंच के साथ आयोजित बैठक, कार्यशालाओं और विभिन्न मंचों पर भारत में उच्च शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य पर गहन विचार विमर्श किया। उन्होंने उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीय रोडमैप के साथ निम्स बढ़ रहा है आगे के प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों से भी वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रो. सिंह नें भारत में उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की उज्वल संभावनाएं और इससे जुड़े वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की और अपने सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने निम्स विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न अंतराष्ट्रीय अकादमिक पाठ्यक्रमों, एमओयू एवं अंतराष्ट्रीय शैक्षिक सहयोग के बारे में अफ्रीकी देश के प्रतिनिधियों को अवगत और देश में अंतराष्ट्रीय शैक्षिक आदान प्रदान, नवाचार, वैश्विक शोध और अनुसन्धान के नवीन अवसरों को लेकर व्यापक चर्चा भी की। दो देशों के उच्च शिक्षा को लेकर द्विपक्षीय से संबंधों को मजबूती और गति देने की दिशा में यहअफ्रीका के विभिन्न उच्च संस्थानों और विश्वविद्यालयों का आधिकारिक दौरा भी किया और स्थानीय शिक्षाविदो, उद्योग जगतबैठक अति महत्वपूर्ण रही। वैश्विक मंच पर चर्चा के दौरान प्रो. चांसलर प्रोफेसर अमेरिका सिंह ने कहा की वैश्विक मंच पर उच्च शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सांझेदारी देशों के बीच मजबूत अंतर्संबंधों के विकास और पारस्परिक निर्भरता एवं बढ़ते आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृत्तिक एकीकरण को बढ़ावा देता है। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के अनुरूप भविष्य में भारत की उन्नति और शैक्षणिक विकास के लिए उच्च शिक्षा का अंतराष्ट्रीय विकास किया जाना अत्यंत आवशयक हैं। इससे न केवल शिक्षा के स्तर में सुधार होगा बल्कि वैश्विक संदर्भ में विद्यार्थी भी सशक्त होंगे और उच्च शिक्षा के अंतराष्ट्रीय मंच पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। अंतराष्ट्रीय सहयोग से भारतीय विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय शिक्षा सुलभ होगी और अनुसंधान के असीमित अवसर प्राप्त होंगे जिससे उन्हें अन्य देशों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामजिक अंतर को पाटने में मदद मिलेगी।

## एक नजर

### सेंगोल मुद्दे पर सपा के सभी हथकंडों से रहें सावधान : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सेंगोल मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला बोला है। उन्होंने सपा पार्टी के सभी हथकण्डों से जरूर सावधान रहने की सलाह दी हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया की साइड 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि सेंगोल को संसद में लगाना या नहीं, इस पर बोलने के साथ-साथ सपा के लिए यह बेहतर होता कि यह पार्टी देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में तथा आम जनहित के मुद्दों को भी लेकर केन्द्र सरकार को घेरती। उन्होंने कहा कि जबकि सच्चाई यह है कि यह पार्टी अधिकांश ऐसे मुद्दों पर चुप ही रहती है और सरकार में आकर कमजोर वर्गों के विरूद्ध फैसले भी लेती है। इनके महापुरूषों की भी उपेक्षा करती है। इस पार्टी के सभी हथकण्डों से जरूर सावधान रहें। उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी ने संसद भवन में सेंगोल को हटाकर उसके स्थान पर संविधान रखने की मांग की है। सपा ने सेंगोल को राजशाही का प्रतीक बताया है। वहीं,कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी का समर्थन करते हुए कहा है कि सेंगोल पर सपा की मांग गलत नहीं है।

### 10 साल की बच्ची को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में 10 साल की बच्ची को अगवा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बच्ची रात में खाना खाने के बाद गायब हो गई थी। तलाशी के दौरान देर रात बच्ची का शव एक खाली प्लॉट में मिला। बच्ची की सिर कुचलकर हत्या की गई है। पुलिस ने अगवा कर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। बच्ची के घर के आसपास के लोगों ने बताया कि बच्ची को पड़ोस में रहने वाले राहुल के साथ देखा गया था, पुलिस ने राहुल को गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि बच्ची को अगवा करने के बाद उसने अपने दोस्त देवदत के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म कर बच्ची की हत्या की है। पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म और पोक्सो धारा को जोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी नरेला के अलग अलग फैक्टरी में काम करते है, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर जांच कर रही है।

### कर्नाटक में सड़क हादसा, दो बच्चों समेत 13 तीर्थयात्रियों की मौत

**हावेरी।** कर्नाटक के हावेरी जिले में आज सुबह हुए सड़क हादसे में दो बच्चों समेत 13 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। यह हादसा पुणे-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। स्थानीय पुलिस का कहना है कि ऐसा लगता है कि हादसाग्रस्त बस के चालक को नींद आ गई थी। पुलिस के अनुसार, ब्यादगी तालुक में गुंडेनहल्ली क्रॉसिंग में तड़के तीर्थयात्रियों को गंतव्य मार्ग पर ले जा रही मिनी बस के खड़े ट्रक से टकरा गई। सभी पीड़ित शिवमोगा के हैं। सभी देवी यल्लम्मा के दर्शन के बाद बेलगावी जिले के सवादट्टी से लौट रहे थे। हादसे में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच कश्मीर घाटी पहुंचा



**श्रीनगर।** अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कश्मीर घाटी पहुंच गया है। पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के काजीगुंड इलाके में नवयुग सुरंग पर 4,603 तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। अमरनाथ यात्रा शनिवार को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर बालटाल मार्ग से शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त होगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार सुबह जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास बेस कैंप से बम बम भोले और हर हर महादेव के नारों के बीच पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने तीर्थयात्रियों को सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बाबा अमरनाथ का आशीर्वाद सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए।

# 'मानसून ने दी प्रदेश में दस्तक' जमकर हुई झमाझम

## झुंझुनूं में करंट की चपेट में आए 5 लोग,1 बहा

## सिरोही में नदी में पलटा ट्रैक्टर बाड़मेर-जैसलमेर में कॉलोनियां डूबीं, पुल बहने से रास्ता बंद

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) राजस्थान के 20 जिलों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। जोधपुर, बूंदी, जैसलमेर, सवाई माधोपुर, झुंझुनूं, कोटा, दौसा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, राजसमंद, सीकर, भरतपुर समेत कई जिलों में बरसात हो रही है। झुंझुनूं में शुक्रवार को तेज बरसात हुई। है। इस दौरान कोतवाली थाना इलाके में पंचदेव मंदिर के पास 5 लोग करंट की चपेट में आ गए। इस दौरान सड़क पर घुटनों तक तेज बहाव के साथ पानी बह रहा था। करंट का झटका लगने के बाद 3 लोग पानी में गिर गए और बहने लगे। 2 लोगों को 200 मीटर बहने के बाद लोगों ने बाहर निकाल लिया, जबकि 1 व्यक्ति बह गया। उसकी मौत हो गई।

- **पानी में बहने लगा बाइक सवार युवक**

बाईक सवार पानी पर बहने लगा। चांदपोल विद्याशाला के पास पानी के तेज बहाव में बाइक सवार युवक गिर गया और उसकी बाइक बहने लगी। आसपास के लोगों ने उसे बचाया। त्रिपोलिया बाजार में भी सड़क पर तेज बहाव के साथ पानी बहने लगा।



- **झुंझुनूं में करंट की चपेट में आए 5 लोग, 1 पानी में बहा**

झुंझुनूं के कोतवाली थाना इलाके में पंचदेव मंदिर के पास जूस की दुकान पर बैठे 5 लोग करंट की चपेट में आ गए। करंट की चपेट में आकर 3 लोग पानी में बह गए। 2 लोगों को 200 मीटर बहने के बाद लोगों ने बाहर निकाल लिया, जबकि 1 व्यक्ति 1 किलोमीटर बहकर चला गया। उसकी मौत हो गई। चश्मदीद महेंद्र सिंह सैनी ने बताया पांचों लोग अन्नू जूस सेंटर की लोहे की केबिन में बैठे थे। इस दौरान तेज बारिश आ रही थी और सड़क पर घुटनों तक तेज बहाव के साथ पानी बह रहा था। दुकान के पास ही बिजली का लोहे का पोल था। पोल में करंट फैला तो दुकान में बैठे पांचों लोग भी चपेट में आ गए। करंट की चपेट में आकर 3 लोग पानी में गिर पड़े और बहने लगे। दो लोगों को 200 मीटर बहने के बाद लोगों ने निकाल लिए। उन्होंने बताया- तीसरा व्यक्ति पंचदेव मंदिर से बहते हुए 1 किलोमीटर दूर खेमीशक्ति मंदिर से भी आगे निकल गया। उसकी मौत हो गई। मृतक के बारे में जानकारी कारी जुटाई जा रही है। जबकि दोनों घायलों जगदीश प्रसाद (59) निवासी देसूसर (बगड़ थाना) और मनीष (27) निवासी वार्ड 22, बसंत विहार, झुंझुनूं को डीके हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।सिरोही में नदी के तेज बहाव से पलटा ट्रैक्टर-सिरोही जिले में तेज बारिश के बाद बरलूट थाना क्षेत्र में तेज बहाव के साथ नदी बहने लगी है। गोल गांव में सड़क पर बनी रपट पर पानी का बहाव तेज होने के बाद भी ट्रैक्टर ड्राइवर ने सड़क पार की कोशिश की, लेकिन ट्रैक्टर रपट के नीचे जाकर पलट गया। राजस्थान के 20 जिलों में मानसू मानसून की एंट्री-2 -28 जून तक देश के 26 राज्यों/8 केंद्र शासित प्रदेशों में मानसून पहुंच गया है। अब तक राजस्थान के 20 जिलों में मानसून की एंट्री हुई है।सिरोही में नदी के तेज बहाव से पलटा ट्रैक्टर-सिरोही जिले में तेज बारिश के बाद बरलूट थाना क्षेत्र में तेज बहाव के साथ नदी बहने लगी है। गोल गांव में सड़क पर बनी रपट पर पानी का बहाव तेज होने के बाद भी ट्रैक्टर ड्राइवर ने सड़क पार की कोशिश की, लेकिन ट्रैक्टर रपट के नीचे जाकर पलट गया। जोधपुर में बाइक सवार तेज पानी में बहा जोधपुर के भीतरी शहर में तेज बारिश के बाद सड़कों पर पानी बहने लगा। चांदपोल विद्याशाला के पास जोरदार पानी में बाइक सवार गिर गया और उसकी बाइक बहने लगी। आसपास के लोगों ने उसे बमुश्किल से बचाया।

### राजस्थान में कहां-कहां दी मानसून ने दस्तक

» –राजस्थान में अब तक धौलपुर, भरतपुर, टोंक, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, राजसमंद, सिरोही, जालोर पाली, अजमेर, करौली, जयपुर, जोधपुर, बाड़मेर, सीकर, चूरू, अलवर, नागौर, जैसलमेर और झुंझुनूं में भी मानसून की एंट्री हो गई है।

### तमिलनाडु विधानसभा ने सर्वसम्मति से नीट के खिलाफ पारित किया प्रस्ताव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु विधानसभा ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा (नीट) के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें केंद्र सरकार से नीट को खत्म करने और राज्य सरकारों को नीट से पहले कक्षा 12 के अंकों के आधार पर मेडिकल प्रवेश लेने की अनुमति देने का आग्रह किया गया। नीट -यूजी 2024 परीक्षा में पेपर लीक और नीट -पीजी 2024 परीक्षा के अचानक स्थगित होने पर हंगामे के बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने यह प्रस्ताव पेश किया जो सर्वसम्मति से पारित हो गया।

विधानसभा में पेश इस प्रस्ताव का सर्मथन मनिथानेया मक्कल काची, मरुमलारची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, तमिलगा वेट्री कड़गम और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) सहित कई क्षेत्रीय दलों ने किया। इससे पहले गुरुवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सांसद के. कनिमोझी ने मेडिकल प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट से तमिलनाडु को ₹छूट₹ देने की मांग की थी।

कनिमोझी ने दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा कि तमिलनाडु लगातार कह रहा है कि हम नीट नहीं चाहते हैं। अब यह साबित हो गया है कि नीट निष्पक्ष परीक्षा नहीं है और नीट के कारण छात्रों को बहुत नुकसान हो रहा है।

इस प्रस्ताव पर भाजपा विधायक और पार्टी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन ने कहा कि केन्द्र सरकार नीट में किसी भी अनियमितता पर कार्रवाई करने के लिए तैयार है। राज्य में अवैध रेत खनन और अन्य वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए डीएमके और गठबंधन दल नीट पर प्रस्ताव पारित कर रहे हैं।

### दिल्ली में पहली तेज बरसात से यातायात व्यवस्था चरमराई

## हजारों कामकाजी रास्ते में फंसे, लगा लंबा जाम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रात से हो रही बारिश आज सुबह हजारों कामकाजी लोगों के लिए आफत बन गई। विभिन्न इलाकों में हुए जलभराव से एक बार फिर याातायात व्यवस्था चरमरा गई। साथ ही दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार के तमाम दावों की पोल खोल कर रख दी है। हालांकि झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है। इस बारिश में खासकर दोपहिया वाहनचालकों को जलभराव में खासी दिक्कत हुई। रास्ते में दोपहिया वाहन बंद हो गए। आईटीओ में तो कमर तक पानी भरा हुआ है। डीटीसी बसों की लंबी कतार लगी हुई है। नजफगढ़, द्वारका, तिलक नगर और राजौरी गार्डन में भारी जलभराव है।

नई दिल्ली के मिंटो रोड में भी पानी भर गया है। इसके चलते मिंटो रोड की तररफ जाने वाले सारे वाहन कुछ देर के लिए रोक दिए गए। ओखला, जामिया नगर, संगम विहार, खानपुर, पुल प्रह्लादपुर, सरिता विहार आदि इलाकों में जलभराव से स्थिति खराब है। यमुनापार के पूर्वी दिल्ली के इलाकों तेज बारिश के चलते सीलमपुर मेट्रो स्टेशन के आसपास जलभराव है। जखीरा अंडरपास के नीचे बसें रुकी हुई हैं। पम्प से पानी



निकाला जा रहा है। लालकिला के आसपास मुख्य सड़कों पर जलभराव के अलावा संपर्क मार्गों पर भी पानी भरने से लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। आईटीओ, आश्रम, आनंद विहार, लाजपतनगर और चिल्ला बॉर्डर में लंबा जाम है। पूर्वी दिल्ली के विकास मार्ग पर कड़कड़डूमा से आईटीओ तक वाहनों की लंबी कतार लग गई है। लक्ष्मी नगर, ललिता पार्क, गीता कॉलोनी, गाजीपुर, मयूर विहार, पटपड़गंज, गांधी नगर, कृष्णा नगर, लाल क्वार्टर,शाहदरा, सीलमपुर, नंदनगरी, भजनपुरा, वजीराबाद, तिमारपुर तक जाम है। बुराडी, नत्थूपुरा, आजादपुर, रोहतक रोड के आसपास के इलाके में बारिश के कारण काफी देर तक जाम रहा। एम्स, ग्रीन पार्क, ओखला, निजामुदीन, बदरपुर, खानपुर, देवली, नजफगढ़, संगम विहार, सरोजनी नगर, लाजपत नगर, धौलाकुआं, महिपालपुर, सरिता विहार, भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली कैंट और कालकाजी में भी जाम से हालात खराब हो गए हैं।

# जयपुर ग्रामीण सांसद राव साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर भाजपा कार्यकर्ताओं की अभिनव पहल



## सेवा सप्ताह के 7 दिन तक करेंगे सेवा

## बेजुबानों पशुओं को चारा पानी की करी व्यवस्था

चमकता राजस्थान

शाहपुरा (खलील कुरैशी)-भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह जी के जन्मदिन के उपलक्ष में में सेवा सप्ताह के तीसरे दिन अलवर तिराहा व खादरसा बाबा की डूंगरी में बंदरों को 2 क्विंटल केले व 5 कार्टून बिस्कुटों के खिलाएं गये भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश मित्तल नगर पालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी, भाजपा मंडल संयोजक जगदीश कुमावत, सहसंयोजक श्याम सुंदर जोशी व

### बंदरों को खिलायें केलें और बिस्कुट

मंडल उपाध्यक्ष राजेशपलसानिया ने बताया कि जयपुर ग्रामीण के सांसद राव राजेंद्र सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष में सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है सेवा सप्ताह के तीसरे दिन बंदरों को 2 क्विंटल केले व 5 कार्टून बिस्किट खिलाएं गये मंडल महामंत्री महेश पारीक, पूर्व जिला मंत्री जगदीश बल्लीवाल, पार्षद मालीराम सैनी, पार्षद नरेश शर्मा, पार्षद रोशन बागड़ी ने बताया कि सेवा सप्ताह के चौथे दिन 29 जून को बिदारा मोड़ स्थित झुग्गी झोपड़ियां में रहने वाले गरीब व असहाय 200 लोगों को खाना खिलाया जाएगा इस मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, बूथ अध्यक्ष मुकेश माटोलिया, पार्षद कानाराम योगी, किसान मोर्चा अध्यक्ष भीवाराम ढबास ,समाज सेवी राजेश मंडोवरा, नंदकिशोर चावला व जितेंद्र सिंह ने व्यवस्थाओं में जुटकर बेजुबानों की सेवा करते रहे

# राजस्थान आवासन मण्डल के बेसिक शेड्यूल ऑफ रेट्स-2024 किए गए तय

## मंडल अध्यक्ष ने किया विमोचन, अब इन्हीं रेट्स के हिसाब से होगा काम

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 27 जून।** राजस्थान आवासन मंडल की ओर से प्रदेशभर में किए जाने वाले सभी कार्यों के लिए एकीकृत बेसिक शेड्यूल ऑफ रेट्स यानी इरफ-2024 तय कर दी गई हैं। इस इरफ-2024 का विमोचन राजस्थान आवासन मंडल के अध्यक्ष श्री टी. रविकांत के द्वारा किया गया। अब तक राजस्थान आवासन मंडल द्वारा फल्ड्ड इरफ-2013 पर कार्य करवाए जा रहे थे। अब बाजार दरें बढ़ने के कारण मंडल द्वारा फल्ड्ड इरफ2024 को 1 जुलाई 2024 से प्रदेशभर में लागू किया जावेगा।

- **इन कार्यों के लिए तय हुई इरफ 2024**

राजस्थान आवासन मंडल की ओर से तय की गई इरफके तहत बिल्डिंग वर्क्स, सेनिटरी वर्क्स, इलेक्ट्रिक वर्क्स, लिफ्ट वर्क्स, हॉर्टिकल्चर वर्क्स, रोड वर्क्स और अन्य विविध कार्य करवाए जाएंगे। इरफ2024 की दरें बाजार दरों के अनुसार ही तय की गई हैं।



### कई कार्यों के लिए अब तक मार्केट रेट्स पर थी निर्भरता

आवासन मंडल की ओर से करवाए जाने वाले कई कार्यों के लिए अब तक मार्केट रेट्स पर निर्भरता बनी रहती है। लेकिन इरफके तय होने से अब ये निर्भरता खत्म होगी और सभी कार्य इन्हीं रेट्स के हिसाब से करवाए जा सकेंगे।

### कार्यों में समरूपता-सुगमता बनाए रखना मकसद-टी. रविकांत

राजस्थान आवासन मंडल के अध्यक्ष श्री टी. रविकांत ने कहा कि जिस तेजी से मंडल की ओर से आमजन को आवास उपलब्ध करवाए जाने का कार्य किया जा रहा है। उसे देखते हुए इन कार्यों में समरूपता और सुगमता लाने के लिए इरफतय किया जाना जरूरी है। ऐसे में इन बीएसआर से मंडल की ओर से करवाए जाने वाले सभी कार्यों में भी इसी व्यवस्था के तहत बेहतर से बेहतर और समयबद्ध रूप से कार्य होने की उम्मीद की जाती है।

- **सभी की अथक मेहनत और लगन का नतीजाः आयुक्त**

इस मौके पर आवासन आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आवासन मंडल की ओर से तय किए गए इरफ सभी अभियंताओं और अधिकारियों की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि आवासन मंडल की टीम आगे भी इसी तरह सकारात्मक परिणाम सामने लाती रहेगी।

- **गुणवत्ता के लिए इरफजरूरी, परिणाम दिखेंगे-चीफ इंजीनियर**

आवासन मंडल के चीफ इंजीनियर श्री अमित अग्रवाल ने कहा कि किसी भी कार्य के लिए बीएसआर का तय किया जाना बेहद जरूरी होता है। चूंकि ये पूरे मार्केट का एनालिसिस होता है, ऐसे में आगे आने वाले कार्यों में और बेहतर गुणवत्ता के लिए इरफ तय किए जाने का परिणाम भी दिखने लगेगा।

इस अवसर पर सचिव डा॰ अनिल पालीवाल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता तृतीय श्री हंसराज दुपगा,अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रथम श्री प्रतीक श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक श्री अनिल माथुर ,उप आवासन आयुक्त तृतीय श्री संजय शर्मा समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार


### जोधपुर में राजकीय मथुरादास माथुर अस्पताल की ई.सी.जी. टेक्निशियन एवं एक संविदाकर्मी 3 हजार 600 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 28 जून, शुक्रवार।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. स्पेशल यूनिट, जोधपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये सुश्री वैशाली शर्मा ई.सी.जी. टेक्निशियन एवं पीयूष शर्मा ई.सी.जी. टेक्निशियन (संविदाकर्मी) पैरामेडिकल शाखा राजकीय मथुरादास माथुर चिकित्सालय, जोधपुर को परिवादी से 3 हजार 600 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, जोधपुर इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि संविदाकर्मियों की उपस्थिति कार्य दिवस से ज्यादा भेजने की एवज में सुश्री वैशाली शर्मा ई.सी.जी. टेक्निशियन द्वारा पीयूष शर्मा ई.सी.जी. टेक्निशियन (संविदाकर्मी) पैरामेडिकल शाखा राजकीय मथुरादास माथुर चिकित्सालय, जोधपुर के माध्यम से 3 हजार 600 रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जोधपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र महावर के सुपरवीजन में ए.सी.बी. स्पेशल यूनिट, जोधपुर इकाई के उप अधीक्षक पुलिस गोरधनराम के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीगण सुश्री वैशाली शर्मा ई.सी.जी. टेक्निशियन द्वारा पीयूष शर्मा ई.सी.जी. टेक्निशियन (संविदाकर्मी) पैरामेडिकल शाखा राजकीय मथुरादास माथुर चिकित्सालय, जोधपुर को परिवादी से 3 हजार 600 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपीगण से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगाभ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टोल-फ्री हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३रंस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

### योग समागम 2024 रविवार को

- **योग की विभिन्न पद्धतियों पर व्याख्यान एवं सम्मान समारोह होगा आयोजित**

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान वैशाली नगर द्वारा आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं जयपुर नगर निगम ग्रेटर के सहयोग से आगामी रविवार शाम 4:30 बजे प्रभु निधि सभागार, राजयोग भवन, वैशाली नगर, जयपुर मे आयोजित किया जा रहा है।ब्रह्माकुमारीज़ वैशाली नगर केंद्र प्रभारी चंद्रकला दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज़ कि वार्षिक थीम ''आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वस्थ समाज'' के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें ब्रह्माकुमारीज माउण्ट आबू मुख्य प्रबन्धन समिति की कार्यकारिणी सदस्या एवं जयपुर सबज़ोन प्रभारी राजयोगिनी बी के सुषमा दीदी योग के क्षेत्र में कार्य कर रहे आचार्य एवं साधकों को राजयोग ध्यान करवायेंगी।योग के क्षेत्र में कार्य करने वाले 51 संस्थान होंगे सम्मानित जयपुर योग महोत्सव 2024 के संयोजक योगी मनीष विजयवर्गीय ने बताया कि कार्यक्रम में राजयोग, भक्ति योग, हठयोग, ज्ञान योग एवं कर्म योग पर धार्मिक आध्यात्मिक एवं योग संस्थाओं के विशेषज्ञ प्रतिनिधि व्याख्यान देंगे। साथ ही जयपुर योग महोत्सव 2024 की प्रेरक एवं आयोजक डॉ. सौम्या गुर्जर महापौर ग्रेटर नगर निगम एवं अतिथियों द्वारा योग के क्षेत्र में विश्व कीर्तिमान बनाने में सहयोगी संस्थान क्रीड़ा भारती, पतंजलि, गायत्री परिवार, योगपीस आदि 51 संस्थानो सहित योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले योगाचार्यों, योग प्रशिक्षकों एवं योग के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 108 संस्थाओं एवं प्रतिनिधियों का सार्वजनिक सम्मान एवं अभिनंदन भी किया जाएगा।




## उपमुख्यमंत्री से वार्ता के बाद परिवहन निरीक्षक संघ की हड़ताल ख़त्म

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 28 जून।** उपमुख्यमंत्री व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा से शुक्रवार को मुलाक़ात के बाद परिवहन निरीक्षक संघ की हड़ताल ख़त्म हुई। जिसके बाद सोमवार से परिवहन निरीक्षक काम पर लौट सकेंगे।

उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने अपने निवास पर परिवहन निरीक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर वार्ता की जिसके परिणामस्वरूप निरीक्षक संघ ने हड़ताल ख़त्म करने का निर्णय लिया। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार प्रदेश के हर एक कर्मचारी के हितों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी उच्च मनोबल के साथ प्रदेश हित में कार्य करें। उन्होंने परिवहन निरीक्षक के साथ मारपीट मामले में सक्षम स्तर पर वार्ता कर दोषियों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया ताकि भविष्य में इस तरह के कृत्यों की पुनरावृत्ति को रोका जा सकें।

उपमुख्यमंत्री ने संगठन के पदाधिकारियों से विभाग में निरीक्षकों की उच्च पदों पर पदौनिति के अवसरों की माँग पर भी सकारात्मक चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने सभी माँगो पर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। परिवहन निरीक्षक संघ ने उपमुख्यमंत्री की इस पहल और उनके सकारात्मक रूख के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया। इस मौके पर राजस्थान परिवहन संघ के अध्यक्ष श्री राजेश चौधरी, महासचिव श्री अनिल बसवाल सहित संगठन के पदाध्रिकारी मौजूद रहें।



## कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां को भाजपा सरकार अपनी बताकर झूठी वाह वाही लेना चाहती है : डोटासरा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 28 जून।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने 20,000 कर्मियों को रोजगार उत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल द्वारा नियुक्ति पत्र दिए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिन 20,000 नव नियुक्त कार्मिकों की भर्ती को भाजपा अपनी सरकार की उपलब्धि बता रही है उन कार्मिकों की भर्तियों की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति गत कांग्रेस सरकार द्वारा जारी की गई थी तथा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा ही परीक्षा आयोजित कर परिणाम जारी किया जाकर कार्मिकों को नियुक्ति देने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि कुछ न्यायालय में लंबित प्रकरण, डिग्री सत्यापन एवं प्रतीक्षा सूची के कुछ लंबित मामलों को छोड़कर सभी कार्मिकों की नियुक्ति गत कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में संपन्न भर्तियों में हुई थी, ऐसे में भाजपा की राजस्थान सरकार द्वारा उन नियुक्तियों को भाजपा सरकार की उपलब्धि बताना झूठी वाह वाही बटोरना मात्र है।

डोटासरा ने कहा कि बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक व वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक भर्ती 2022 में 10,157 पदों के लिए विज्ञप्ति 1 फरवरी 2022 को निकली थी तथा दिनांक 18 जून 2022 एवं 19 जून 2022 को परीक्षा ली जाकर 18 जनवरी 2023 को परिणाम जारी हुए थे इसी प्रकार शारीरिक शिक्षा अध्यापक सीधी भर्ती 2022 के 5546 पदों की नियुक्ति के लिए विज्ञप्ति 16 जून, 2022 को जारी कर दिनांक 25 सितंबर 2022 को परीक्षा संपन्न हुई वही 31 मई 2023 को फाइनल रिजल्ट जारी हुआ इसी प्रकार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल प्रथम व लेवल द्वितीय सीधी भर्ती 2022 के 48000 पदों की भर्ती की विज्ञप्ति 14 दिसंबर 2022 को जारी हुई तथा 25 फरवरी 2023 से 1 मार्च 2023 के मध्य परीक्षा आयोजित होकर लेवल प्रथम की 31 अगस्त 2023 तथा लेवल द्वितीय की 9 सितंबर 2023 से 27 जून 2023 के मध्य रिजल्ट जारी हुआ इसी प्रकार वरिष्ठ अध्यापक विभिन्न विषयोकी भर्ती के लिए 9760 पदों की विज्ञप्ति 5 अप्रैल 2022 को जारी हुई जिसकी परीक्षा 30 जुलाई 2023 को संपन्न होकर 26 सितंबर 2023 से 21 दिसंबर 2023 के मध्य फाइनल रिजल्ट जारी हुआ। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा अध्यापक के 461 पदों के लिए दिनांक 8 जुलाई 2022 को विज्ञप्ति जारी हुई थी जिसकी परीक्षा 30 अप्रैल 2023 को संपन्न हुई तथा 20 जून 2024 को फाइनल रिजल्ट जारी हुआ। इसी प्रकार प्रयोगशाला सहायक ग्रेड 3 के 461 पदों की भर्ती हेतु विज्ञप्ति 16 मार्च 2022 को जारी हुई परीक्षा 28 जून 2022 से 29 जून 2022 को संपन्न होकर फाइनल रिजल्ट 22 फरवरी 2023 एवं 31 मई 2023 को जारी हुआ और पुस्तकालयध्यक्ष ग्रेड 3 के 460 पद की भर्ती हेतु विज्ञप्ति 20 मई 2022 को जारी हुई परीक्षा 11 सितंबर 2022 को संपन्न हुई परीक्षा का फाइनल परिणाम 14 मार्च 2023 तथा 28 अप्रैल 2023 को जारी हुआ है।

### प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में मन की बात कार्यक्रम का पहला संस्करण 30 जून को होगा आयोजितः मोतीलाल मीणा

- **मन की बात कार्यक्रम में राजस्थान रचेगा इतिहास-मोती लाल मीणा**

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व मन की बात कार्यक्रम के संयोजक मोतीलाल मीणा ने बताया कि दिनांक 30 जून को प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की जनता को सम्बोधित करेंगे। मन की बात कार्यक्रम से राजस्थान की जनता को जोड़ने के लिये एक प्रारूप बनाया गया है। जिसमें यह निश्चित किया गया है कि प्रत्येक शक्ति केंद्र पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें 100-150 लोग मोदी जी की मन की बात सुनेंगे।

मीणा ने बताया कि पूरे राजस्थान में 8000 शक्ति केंद्रों में मन की बात कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा तथा सातों मोर्चे एवं 1132 मण्डलों में मन की बात कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस प्रकार पूरे राजस्थान में 14 हजार मन की बात कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है तथा प्रत्येक कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी, मंत्रियों के उपस्थित रहने के लिये प्रवास तय किये गये है। वर्चुअल तथा सोशल मीडिया के माध्यम से भी ज्यादा से ज्यादा लोगों का मन की बात सुनने के लिये आहवान किया जा रहा है।

### जयपुर डिस्कॉम में 18 को अनुकम्पा नियुक्ति

**चमकता राजस्थान। जयपुर, 28 जून।** जयपुर डिस्कॉम में निगम के मृतक कर्मचारियों के 18 आश्रितों को अनुकम्पात्मक आधार पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रुप में विभिन्न पदों पर नियुक्ति प्रदान की है। सभी को अपने पदस्थापित स्थान पर आदेश जारी होने की तिथि से एक माह में कार्यग्रहण करने के निर्देश दिए गए है। निगम द्वारा शुक्रवार, 28 जून को जारी आदेश के अनुसार 11 को वाणिज्यिक सहायक द्वितीय, एक को सहायक द्वितीय एवं 6 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दी गई है। सभी को दो वर्ष की परीवीक्षाकाल अवधि पर अस्थाई नियुक्ति दी गई है। परीवीक्षाकाल अवधि के दौरान इनको नियत मासिक पारिश्रमिक देय होगा तथा परिवीक्षाकालावधि सफलतापूर्वक पूरी करने पर इन्हे निर्धारित वेतनमान अनुज्ञाप्त किया जाएगा।

### विद्युत विभाग का लगातार लापरवाह रवैया बन रहा लोगों एवं पशुओं के लिए जान की आफत

**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)** जिला धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में सदीयाँ बीत गई, लेकिन बाड़ी विद्युत विभाग का ढर्रा सुधरने का नाम नहीं ले रहा है!लगभग पचास वर्ष पुराने लोहे के जर्जर पोल बन रहे! हादसों का कारण, वहीं नीचे लटकते, जर्जर तार, केवलें दे रही हादसों को न्योता, विद्युत विभाग की इसी लापरवाही की भेंट चढ़ी व्यास कॉलोनी में एक गाय, पुराने विद्युत लोहे के पोल में दौड़ रहे करंट के संपर्क में आने से गाय की तड़फ तड़फ कर हुई मौत, गाय की मौत होने से स्थानीय लोगो में डिस्कॉम के खिलाफ बेहद आक्रोश, बरसात के समय हर वर्ष होती है!इसी तरह पशुओं और लोगो की मौत, लेकिन फिर भी सुधार के लिए नहीं किए जाते कोई प्रयास, प्रशासन भी वीसी और बैठको तक ही विद्युत विभाग को निर्देश देने तक रहता है! सीमित, धरातल पर भगवान भरोसे चल रही विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए नहीं किए जाते ठोस प्रयास इस ओर ध्यान देने की जरूरत है!



## जर्मन कंपनी ब्यूमर का मेट सिटी में 2 अरब का निवेश, 750 को मिलेगा रोजगार

चमकता राजस्थान

**गुरुग्राम।** हरियाणा के झज्जर में स्थित मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप (मेट) में जर्मनी की 'ब्यूमर इंडिया' मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करेगी। ब्यूमर ग्रुप मैटेरियल हैंडलिंग सॉल्यूशन का वैश्विक निर्माता है। उसकी योजना इस अत्याधुनिक नई सुविधा में 2 अरब रुपये से अधिक का निवेश करने की है। प्लांट चालू होने पर यहां 750 लोगों से अधिक को रोजगार मिलने की उम्मीद है। यह कंपनी मेट सिटी में निवेश करने वाली पहली जर्मन कंपनी है।

मेट सिटी के सीईओ एस.वी. गोयल ने कहा, ''हम मेट सिटी परिवार में ब्यूमर इंडिया का स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। यह न केवल सर्वोत्तम-इन-क्लास बुनियादी ढाँचा प्रदान करने के हमारे संकल्प को मजबूत करेगा, बल्कि मेट सिटी को सबसे बड़े एकीकृत स्मार्ट शहरों के तौर पर भी स्थापित करेगा।''

ब्यूमर ग्रुप के सीईओ रुडोल्फ हाउसलाडेन ने कहा, ''यह विस्तार ब्यूमर ग्रुप के रणनीतिक फोकस और भारत में दीर्घकालिक सफलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'' प्लांट सितंबर 2025 तक चालू होगा और इसके माध्यम से छोटे व्यवसायों को भी लाभ मिलेगा। मेट सिटी में 10 देशों की 570 से अधिक कंपनियां काम कर रही हैं, जो इसे एक प्रमुख इंटीग्रेटेड स्मार्ट सिटी बनाती हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929